शनिवार, 14 जून 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 35 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदय: 4:52 | सूर्यास्त: 18:22 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




उत्तर पश्चिम भारत के अधिकतर हिस्सों में 25 जून तक पहुंच सकता है मानसून: मौसम विभाग पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : खुद से संवाद निराश मन के आत्मविश्वास को बढ़ा देता है।

# अहमदाबाद में दुर्घटनास्थल विमान से 'ब्लैक बॉक्स' बरामद

## एनआईए के दल ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया



पीएम मोदी ने घटनास्थल का दौरा किया



प्रधानमंत्री मोदी ने विमान हादसे में जीवित बचे शख्स और घायलों से अस्पताल में मुलाकात की

**अहमदाबाद :** लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान का 'ब्लैक बॉक्स' यहां एक मेडिकल कॉलेज छात्रावास की छत से शुक्रवार को बरामद कर लिया गया। अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के आवासीय परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि 'डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर' (डीएफडीआर), जिसे आमतौर पर ब्लैक बॉक्स के रूप में जाना जाता है, को दुर्घटना स्थल पर ''छत'' से बरामद किया गया है। डीएफडीआर यह पता लगाने में मदद करेगा कि हादसे का शिकार हुए विमान में अंतिम क्षणों में क्या हुआ और यह बक्सा यह निर्धारित करने में महत्व-पूर्ण है कि आपदा कैसे हुई। ब्लैक बॉक्स एक छोटा उपकरण है जो उड़ान के दौरान विमान के बारे में जानकारी रिकॉर्ड करता है। यह विमानन दुर्घटनाओं की जांच में मदद करता है। मोदी ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया तथा यहां सिविल अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। उन्होंने दुर्घटना स्थल पर लगभग 20 मिनट बिताए। विमानन विशेषज्ञों ने 11 वर्ष पुराने विमान के दोनों इंजनों में समस्या, कई पक्षियों का टकराना या फ्लैप (उड़ान भरने या उतरते समय गति धीमी करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला भाग) संबंधी समस्या समेत संभावित समस्याओं पर चर्चा की। विमानन नियामक डीजीसीए ने एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। एएआईबी ने एक बयान में कहा, ''डीएफडीआर (ब्लैक बॉक्स) को छत से बरामद कर लिया गया है।'' इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। एक अधिकारी ने बताया कि ब्लैक बॉक्स मेडिकल कॉलेज के छात्रावास की इमारत की छत से मिला। यह इमारत बीजे मेडिकल कॉलेज के आवासीय क्वार्टर का हिस्सा है। विमान का पीछे का हिस्सा इमारत के ऊपरी हिस्से के पास फंसा हुआ था। डीएफडीआर आमतौर पर विमान के पिछले भाग में स्थित होता है। उसे चमकीले नारंगी रंग से रंगा जाता है, ताकि मलबे में उसका आसानी से पता लगाया जा सके। नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने बताया कि एएआईबी ने दुर्घटना स्थल से 28 घंटे के भीतर डीएफडीआर को बरामद कर लिया है।

### प्रधानमंत्री ने एअर इंडिया विमान हादसे को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां विमान दुर्घटना स्थल का दौरा करने के बाद गुजरात सरकार के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक यहां हवाई अड्डे के पास गुजरात राज्य विमानन अवसंरचना कंपनी लिमिटेड (गुजसेल) के दफ्तर में आयोजित की गई थी। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और गुजरात भाजपा के अध्यक्ष सी आर पाटिल तथा नागर विमानन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू मौजूद थे।



गुजरात एटीएस ने एआई 171 दुर्घटना स्थल से डीवीआर बरामद किया

### डीजीसीए ने एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाने के आदेश दिये

**नयी दिल्ली :** विमानन नियामक डीजीसीए ने एअर इंडिया के जीईएनएक्स इंजन चालित बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का शुक्रवार को आदेश दिया। यह आदेश अहमदाबाद में एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद दिया गया है। डीजीसीए के विस्तृत निरीक्षण के तहत टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की विभिन्न प्रणालियों की जांच और 'टेक-ऑफ' (उड़ान भरने संबंधी) मापदंडों की समीक्षा की जाएगी। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 विमान हैं। इस बीच, अमेरिकी विमान इंजन निर्माता कंपनी जीई एयरोस्पेस ने एक बयान में कहा कि वह उचित नियामक और विभिन्न जांच एजेंसी के साथ मिलकर काम कर रही है।

### पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया

अहमदाबाद पुलिस ने एअर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ने पहले ही इस घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारियों ने शुक्रवार को मेघाणीनगर क्षेत्र में विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया।

## दो दिनों की गिरावट से निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी बाजार के निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच पिछले दो दिनों में बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत की गिरावट आई और ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में खासी तेजी देखी गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स शुक्रवार को 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। पिछले दो सत्र में सेंसेक्स में कुल 1,396.54 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसके अलावा मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.30 प्रतिशत की सुस्ती रही। इस तीव्र गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्रों में 8,35,799.85 करोड़ रुपये घटकर 4,47,21,343.34 करोड़ रुपये रह गया। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा।

### सोना 2,200 रुपये उछलकर फिर एक लाख के पार, चांदी भी चमकी

**नयी दिल्ली :** सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई जो रिकॉर्ड स्तर के करीब है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ने से सोने के दाम में तेजी रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

### ईडी ने पोंजी घोटाले के शिकार लोगों की मदद के लिए आधं सरकार को 7000 करोड़ की संपत्ति लौटायी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कथित पोंजी योजना के तहत निवेशकों से ठगी गयी कुल 7,000 करोड़ रुपये की संपत्ति आंध्र प्रदेश सरकार को लौटाने में सफलता हासिल कर ली है, ताकि 'एग्री गोल्ड' धोखाधड़ी के शिकार लोगों की प्रतिपूर्ति की जा सके। संघीय जांच एजेंसी ने फरवरी में इस प्रक्रिया की शुरुआत की थी और 3,339 करोड़ रुपये (वर्तमान बाजार मूल्य 6,000 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां लौटा दी थी। ईडी ने अब 611 करोड़ रुपये (वर्तमान बाजार मूल्य 1,000 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां लौटा दी है।

## धुबरी में 'सांप्रदायिक समूह' अशांति फैलाने की कोशिश कर रहा है, देखते ही गोली मारने के आदेश : हिमंत



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगे धुबरी जिले में रात में देखते ही गोली मारने के आदेश लागू होंगे, क्योंकि एक ''सांप्रदायिक समूह'' अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहा है, जिसे सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। धुबरी कस्बे में रविवार को एक मंदिर के पास मांस के टुकड़े मिलने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इलाके में सोमवार को निषेधाज्ञा लागू की गई थी, जिसे मंगलवार को हटा लिया गया। मुख्यमंत्री ने स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को धुबरी का दौरा किया। उन्होंने कहा, ''मेरे गुवाहाटी पहुंचते ही देखते ही गोली मारने का आदेश आज जारी कर दिया जाएगा तथा रात में बाहर निकलने वाले या पत्थरबाजी की घटना में संलिप्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि जिले में त्वरित कार्रवाई बल (आरएएफ) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को तैनात किया जाएगा और धुबरी में सभी अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा, ''जिन लोगों ने कानून अपने हाथ में लिये हैं, उनके साथ सख्ती से निपटा जाएगा।'' शर्मा ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से धुबरी में कानून-व्यवस्था की स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। उन्होंने कहा कि बकरीद के अगले दिन सात जून को धुबरी जिला मुख्यालय में हनुमान मंदिर के सामने एक गाय का सिर मिला था, जिसके बाद हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने शांति और सद्भाव की अपील की थी।

# इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल ठिकानों पर हमला किया, जवाब में ईरान ने दागे ड्रोन



**दुबई :** इजराइल ने शुक्रवार तड़के ईरान पर हमला किया, जिसमें उसके शीर्ष सैन्य अधिकारी मारे गए तथा परमाणु और मिसाइल स्थलों को निशाना बनाया गया। इन हमलों से पश्चिम एशिया के दो धुर विरोधी देशों के बीच व्यापक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। इसे 1980 के दशक में इराक के साथ युद्ध के बाद ईरान पर सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। यह हमला ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर पैदा तनाव के बीच हुआ है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने हमले के बाद कहा कि इजराइल को कड़ी सजा दी जाएगी। क्षेत्र के देशों ने इजराइल के हमले की निंदा की, जबकि विश्व भर के नेताओं ने दोनों पक्षों से तत्काल तनाव कम करने का आह्वान किया। इजराइली सेना ने कहा कि ईरान के लगभग 100 ठिकानों पर शुरुआती हमले में लगभग 200 विमान शामिल थे। दो सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि देश (इजराइल) की जासूसी एजेंसी मोसाद समय से पहले ईरान के अंदर विस्फोटक ड्रोन तैनात करने और फिर उन्हें तेहरान के पास ईरानी बेस पर मिसाइल लॉंचर को निशाना बनाने के लिए सक्रिय करने में भी सक्षम थी। उन्होंने कहा कि इजराइल ने मध्य ईरान में हथियारों के साथ-साथ वाहनों पर हमला करने वाली प्रणालियों की भी तस्करी की थी, जिन्हें ईरानी हवाई सुरक्षा पर हमला शुरू होते ही सक्रिय कर दिया गया था। अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर इस बेहद गोपनीय मिशन के बारे में बात की हालांकि उनके दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना संभव नहीं हो सका। कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। इजराइली हमले के लक्ष्यों में कई स्थान शामिल थे, जिनमें नतांज में ईरान की मुख्य परमाणु संवर्धन सुविधा भी शामिल थी, जहां से काला धुआं उठता देखा जा सकता था। बाद में सुबह, इजराइल ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में दर्जनों रडार प्रतिष्ठानों और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल लॉन्चरों को भी नष्ट कर दिया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नेतन्याहू से बातचीत में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली पर जोर दिया


**नयी दिल्ली :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर पश्चिम एशिया में उभरते हालात की जानकारी दी। मोदी ने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर बल दिया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का फोन आया। उन्होंने मुझे मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। मैंने भारत की चिंताओं को साझा किया और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

# अब सरकारी अस्पतालों में कैंसर का इलाज भी होगा स्वास्थ्य साथी योजना के तहत

**कोलकाता, समाज्ञा :** अब सरकारी अस्पतालों में कैंसर रोगियों को कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी के खर्च का भुगतान भी स्वास्थ्य योजना से किया जाएगा। इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों में रक्त कैंसर, थैलेसीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज में बोन मैरो ट्रांसप्लांट का खर्च भी स्वास्थ्य योजना से दिया जाएगा, यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग से मिली है। इस संबंध में फाइल पर हस्ताक्षर हो चुके हैं और कुछ ही दिनों में इसे लांच किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में दवाओं और उपकरणों की खरीद के लिए राज्य के बजट से पैसा आवंटित किया जाता है। बड़ी संख्या में मरीजों की जरूरतों को पूरा करने के लिए जिन दवाओं या चिकित्सा आपूर्ति की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, उन्हें खरीद में प्राथमिकता दी जाती है। ज्यादातर पैसा वहीं जाता है।

**कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, रक्त कैंसर, थैलेसीमिया ओंर अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज में बोन मैंरो ट्रांसप्लांट भी स्वास्थ्य योजना से हो सकेगा**

कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी या बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन की अधिकांश दवाओं की कीमत इतनी अधिक है (कई दवाएं तो कई लाख रुपये की हैं) कि उन्हें खरीदना या सरकारी बजट से हर समय उनकी आपूर्ति बनाए रखना संभव नहीं है। अगर सरकार से समय पर पैसा नहीं मिलता है, तो दवा आपूर्तिकर्ता उसकी आपूर्तिन नहीं करना चाहते हैं। नतीजतन, कई कैंसर रोगियों को कीमो या रेडियोथेरेपी की दवाओं और तारीखों के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता है। कई को बाजार से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। कई पैसे की कमी के कारण इसे वहन नहीं कर पाते हैं। उनके इलाज में देरी होती है, इलाज बीच में ही बंद हो जाता है और मरीज की मौत हो जाती है। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि अगर कैंसर के इलाज और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन के लिए स्वास्थ्य साथी योजना से पैसा मिले, तो दवाओं की खरीद में यह देरी नहीं होगी।




## गुजरात में बोइंग विमान दुर्घटना ने उठाए सवाल

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने ड्रीमलाइनर विमान के उत्पादन और असेंबली प्रक्रियाओं की गहन जांच की थी।

उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्ल-ोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी। निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। कहना कठिन है कि यह कैसी स्थिति है कि एक मेडिकल कालेज के पास हुई इस दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार देना संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा। उस समय छात्र लंच कर रहे थे। जिसमें कई छात्र भी घायल हुए हैं। जिनमें कई की हालत गंभीर है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 जून, शनिवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ कृष्णपक्ष तृतीया, 15:44 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 24:12 तक, योग : ब्रह्मा, 13:01 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 21:08, चन्द्रास्त: 07:11, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 08:16 से 09:56

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों का भाग्य साथ दे रहा है और कार्यक्षेत्र में कुछ सकारात्मक बदलाव आपके पक्ष में होंगे, जिससे आपकी भूमिका में वृद्धि संभव है। आपको धन लाभ होगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का दिन शुभ है और अधिकांश समय पारिवारिक संतुलन और आनंद में व्यतीत होगा, जिससे मानसिक शांति बनी रहेगी। बिजनस में पुराने संपर्कों से लाभ मिल सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का भाग्य का साथ मिलेगा, विशेष रूप से करियर में जहां उच्चाधिकारी और पिता का सहयोग किसी बड़ी सफलता का द्वार खोल सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा। व्यापार में अचानक बड़ा लाभ मिलने के योग हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नई योजनाओं पर कार्य आरंभ कर सकते हैं ।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है। आपके लिए करियर में प्रगति और मान-सम्मान मिलने का दिन है। व्यवसाय में कोई रुकी हुई डील आज पूरी हो सकती है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का दिन शुभ है और आपको करियर में पुराने प्रयासों का फल मिलेगा और व्यवसाय में वृद्धजनों या वरिष्ठों से सहयोग लाभकारी रहेगा।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको शिक्षा, प्रतियोगिता और करियर में नए अवसर मिलने का दिन है। व्यापार में किसी बड़े ग्राहक का ऑर्डर मिल सकता है।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति पहले से अधिक मजबूत रहेगी और पुराने लेन-देन पूरे होने से राहत मिलेगी। योजनाएं सफल होंगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए तरक्की के योग बने हैं। घर की सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और घरेलू वस्तुओं की खरीद पर खर्च हो सकता है। उधार या कर्ज से बचें।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपको कारोबार में मनचाहा लाभ होने की संभावना है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापार परिवर्तन की योजना पर काम करना शुभ होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है। संपत्ति से जुड़े किसी मामले में सावधानी बरतें, विशेषकर किसी संपत्ति का क्रय-विक्रय करते समय कानूनी पक्ष को ध्यान से समझें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा। व्यापार में सकारात्मक प्रगति और नई योजनाओं का विस्तार होगा। दूर या नजदीक की यात्राएं धन लाभ दे सकती हैं।

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना : उफ़ कितनी भयानक है मौत!



डॉ घनश्याम बादल

12 जून 2025 को अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना वास्तव में एक बहुत ही दर्दनाक हादसा है और इस दुर्घटना के बाद जिन परिवारों के सदस्य इस विमान यात्रा में सवार थे वें निश्चित ही गहरे दुख एवं सदमे में होंगे । मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि तथा आश्रित परिवारों को आर्थिक सहायता नैतिक संबल या सहानुभूति तो मिलेगी लेकिन उनसे बिछुड़ने वाले सदस्य अब कभी वापस नहीं आ पाएंगे । इससे भी दुखद तो यह होगा कि उनके सही सलामत शव भी नहीं मिल पाएंगे।

जिस तरह उड़ान के केवल 6 मिनट बाद ही यह विमान दुर्घटना का शिकार हुआ वह हैरतअंगेज दुखद और पीड़ा दायक होने के साथ-साथ कई शंकाएं आशंकाएं और सवाल भी मन में छोड़कर गया है।

11 साल पुराना यह बोइंग 787 विमान अमेरिकी कंपनी का एक ऐसा विमान माना जाता है जो अच्छी सुविधाओं से संपन्न है लेकिन इसकी गुणवत्ता पर तथा इसके दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंकाओं पर पहले भी विवाद होते रहे हैं । अक्सर इस विमान के बारे में कहा जाता था कि यह कभी भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है लेकिन अब तक सब कुछ सही चल रहा था इसलिए किसी ने बहुत ज्यादा सोचा भी नहीं होगा। लेकिन यदि गहराई से सोच लिया जाता, चिंतन किया जाता व कमियां दूर कर ली जाती तो 241 विमान सवार यात्री और लगभग देश के 20 भावी डॉक्टर बच गए होते।

दुर्घटना हो चुकी है और जान माल की क्षति भी हो चुकी है जांच भी इसकी होगी ही। ब्लैक बॉक्स मिल चुका है और तकनीकी रूप से जो जो जांच होनी चाहिएं वें सब की जाएंगी इसमें दो राय नहीं । हो सकता है दुर्घटना का असली कारण पता चल जाए और उस दिशा में काम भी किया जाए । या फिर यह भी हो सकता है कि जांच चलती रहे और धीरे-धीरे सब कुछ ठंडे बस्ते में चला जाए तथा एक बार फिर से अगली दुर्घटना का इंतजार किया जाए । यदि ऐसा होता है तो यह वास्तव में बहुत ही ख़तरनाक संकेत होगा । इसलिए इस विमान दुर्घटना के कारणों की तह में जाना और जो कमियां रहीं हों उन्हें दूर करना आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है।

ऐसा नहीं है कि इससे पूर्व भारत में विमान दुर्घटनाएं न हुई हों विमान दुर्घटनाओं का इतिहास भारत ही नहीं अंतरराष्ट्रीय जगत में बहुत पुराना है। भारत में 11 जनवरी 1953 को कोलकाता में खराब मौसम की वजह से ऐसी पहली बड़ी दुर्घटना हुई जिसमें 46 लोगों की जान गई थी। और और थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद ऐसी दुर्घटनाएं होती रही हैं । अब तक इंडियन एयरलाइंस, एयर इंडिया, वायु दूत, नेपाल एयरलाइंस और एयर एलाइंस जैसी कंपनियों के विमान यात्रियों की जान लेते रहे हैं लेकिन अहमदाबाद की दुर्घटना जान माल की क्षति की दृष्टि से अब तक की सबसे बड़ी दुर्घटना बनकर सामने आई है।

आदमी हवा में उड़ने के सपने हमेशा से देखता रहा है जो अल्बर्ट आइंस्टीन से लेकर राइट ब्रदर्स और उसके बाद आज की पीढ़ी तक पहुंचे हैं । दुर्घटनाओं से सीख लेता हुआ आदमी आज प्रकाश की गति से भी अधिक तेजी से उड़ने वाले विमान और स्पेस जेट तक बन चुका है । विज्ञान के बल पर वह अंतरिक्ष और न जाने कहां-कहां अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है लेकिन जहां-जहां वह गया है दुर्घटनाओं ने उसका साथ नहीं छोड़ा। तो कह सकते हैं कि मानव और दुर्घटनाओं का चोली दामन का साथ रहा है।



किसी भी दुर्घटना के पीछे कोई न कोई वज़ह ज़रुर होती है जहां तक विमान दुर्घटनाओं की बात है तो उनके पीछे अब तक जो मुख्य कारण खोजे गए हैं उनमें प्राकृतिक कारणों में ख़राब मौसम, तूफान में फंस जाना, या प्राकृतिक बिजली आदि का गिरना अथवा किसी पक्षी से टकराना जैसे कारण तो हैं ही वहीं तकनीकी कारण भी हैं जिनमें विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ जाना, इमरजेंसी दरवाजे का खुला रह जाना, पंखों का सही तरीके से सेट ना होना, रनवे का सही चयन न होना या सही तरीके से टेक ऑफ न हो पाना अथवा ऊपर हवा में जाकर संतुलन न बन पाना जैसे कई तकनीकी कारण सामने आते हैं। इन सब के साथ-साथ मानवीय भूल जिनमें सही तरीके से विमान की देखरेख न होना, सही तकनीकी का इस्तेमाल न होना, अचानक ही विमान के यंत्रों का खराब हो जाना, पायलट या सह पायलट की लापरवाही भूल या अज्ञानता कितने ही कारण हो सकते हैं अहमदाबाद की विमान दुर्घटना में इनमें से कौन सा कारण यात्रियों की जान लेने का जिम्मेदार रहा इसका पता चलना बेहद ज़रूरी है क्योंकि जब तक सही कारण नहीं पता चलेगा तब तक आगे सुधार की संभावना नहीं रहेगी।

जहां तक इस दुर्घटना की बात है तो टेक ऑफ के केवल 8 सेकंड बाद ही काफी अनुभवी पायलट सुमित सब्बरवाल ने तुरंत ही 'मे डे' का संदेश भेज दिया था यह संदेश तभी भेजा जाता है जब पायलट को लगे कि विमान बेहद खतरे में है लेकिन अब तक जैसा पता चल रहा है ए आईटीसी ने ने इसका कोई रिस्पांस नहीं दिया और पायलट के पास दूसरे उपाय करने या कदम उठाने का समय था ही नहीं तो इसकी भी जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ ?

लेकिन इस विमान दुर्घटना की दुखद त्रासदी में एक अच्छी बात यह रही की सहायता बिजली की तेजी के साथ पहुंचाई गई मगर यह तेजी किसी काम की नहीं रही क्योंकि केवल एक यात्री रमेश विश्वास कुमार ही किसी चमत्कार की तरह इस दुर्घटना में जिंदा बचे बाकी विमान में उड़ान का सारा स्टाफ और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी नहीं बच सके एक पूरा का पूरा डॉक्टर परिवार इसमें खत्म हो गया तो 169 भारतीय तथा 53 ब्रिटिश नागरिक और 6 कनाडाई नागरिक जान से हाथ धो बैठे। यह तो केवल आंकड़े हैं वस्तुत: देखा जाए तो किसी दुर्घटना ने कम से कम 266 परिवार एवं उनसे जुड़े हुए सदस्यों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं हितेषियों की आंखों में आंसू एवं दिल में जख्म दे दिए हैं जिन्हें भरने में बहुत वक्त लगेगा।

हालांकि एयर इंडिया ने तुरंत ही एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता मृतकों के परिवारों को देने की घोषणा कर दी है अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के नियमानुसार 1.8 करोड रुपए का बीमा होता है जो हर मृतक के परिवार को मिलेगा ही और यदि इसमें एयर इंडिया की कोई कमी ग़लती या खामी पाई जाएगी तो यें परिवार अदालत के माध्यम से और अधिक भी मुआवजा ले पाएंगे । लेकिन एक बार फिर वही प्रश्न कि क्या मिलने वाले धन से जाने वाले व्यक्तियों की कमी पूरी हो पाएगी? वैसे भी अंतरराष्ट्रीय उड़ान में सवार होने वाले अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से सबल होते ही हैं । इसलिए उन्हें कितना पैसा मिलता है यह महत्वपूर्ण नहीं है ।

एक और महत्वपूर्ण प्रश्न यह भी है कि उस मेडिकल हॉस्टल में जो छात्र-छात्राएं भावी चिकित्सक बनने का सपना लिए रह रहे थे जो घायल हुए या उनकी जानें गईं उनका दोष क्या था कोई नहीं बता पाएगा क्या उनके परिवारों को भी इन विमान यात्रियों जैसी ही आर्थिक सहायता नहीं मिलनी चाहिए ?

पुनश्च हर दुर्घटना की तरह अहमदाबाद की विमान दुर्घटना भी बहुत दर्दनाक है और इस बात के पूरे प्रयास किए जाने चाहिएं कि भविष्य में कोई भी ऐसी दुर्घटना किसी भी कारण से घटित हो।

-लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं

# स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देकर उजाला बने



ललित गर्ग

**विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून 2025 पर विशेष**

किसी के जीवन में रंग भरने का, जीवन और मौत के बीच जूझ रहे लोगों को जीवन देने का और अधिक स्वास्थ्य संकट से घीरे व्यक्ति के जीवन में आशा की किरण बनने का सशक्त माध्यम है रक्तदान। दुनिया भर में अनगिनत लोगों को रक्त की अपेक्षा होती है, इसलिये रक्तदान-महादान है। रक्तदान के महत्व को उजागर करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझाने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाए, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान् दान है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है 'रक्त दें, आशा दें- साथ मिलकर हम जीवन बचाते हैं।' यह थीम रक्तदाताओं के जीवन-परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डालती है, समुदाय और एकता का सम्मान करती है, तथा नए और नियमित रक्तदाताओं दोनों को जीवन बचाने में मदद करने के लिए प्रेरित करती है।

दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्तदान का महत्व न केवल उन हजारों लोगों के जीवन को बचाना है जो रक्त की कमी या अभाव के कारण जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं, बल्कि विभिन्न बीमारियों से प्रभावित कई अन्य लोगों के जीवन को बचाना और उन्हें अनेक बीमारियों से लड़ने में मदद करना भी है। कल्पना कीजिए कि यह जानकर कैसा महसूस होगा कि आपने किसी की जान बचाई है। आपकी वजह से, कोई व्यक्ति अब अपने परिवार के साथ रह रहा है, पढ़ाई कर रहा है और दुनिया में मौजूद है। यह दिन चुनौतियों को स्वीकार करता है और सुरक्षित रक्त दान को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाने की दिशा में प्रगति को गति देता है।

इस दिवस को मनाने का एक और महत्वपूर्ण कारण स्वैच्छिक रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। जो यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया को सबसे ज्यादा ज़रूरत पड़ने पर सुरक्षित रक्त मिल सके। यह भी देखा गया है कि जब लोगों ने अपना रक्तदान किया है, तो उन्हें कई स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुए हैं। रक्तदान करने वाले ज्यादातर लोग अपनी बीमारियों से जल्दी ठीक हो जाते हैं और लंबी उम्र जीते हैं, यह वजन घटाने, स्वस्थ लीवर और आयरन के स्तर को बनाए रखने, दिल के दौरे और कैंसर के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है। इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित रक्त और प्लाज्मा दान की निरंतर आवश्यकता के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना, दानकर्ताओं के सकारात्मक प्रभाव पर जोर देना, तथा राष्ट्रीय रक्त कार्यक्रमों में निवेश करने और उन्हें बनाए रखने के लिए सरकारों और विकास भागीदारों से समर्थन जुटाना है।

भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है। रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भारतीय रेडक्रास के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है।

रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्परेचर आदि चीजों के सामान्य पाए जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है। जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है।

रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है। कोई भी व्यक्ति चाहे, वह किसी भी उम्र, जाति, धर्म और समुदाय का हों, वह रक्तदान कर सकता है। भारत महर्षि दधीचि जैसे ऋषियों का देश है, जिन्होंने एक कबूतर के प्राणों व असुरों से जन सामान्य की रक्षा के लिये अपना देहदान कर दिया था। परंतु समय के साथ भारत में रक्तदान की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई। निश्चित तौर पर रक्तदान करके किसी अन्य व्यक्ति की जिंदगी में नई उम्मीदों का सवेरा लाया जा सकता है। इस तरह रक्तदान करने से एक प्रेरणादायी शक्ति पैदा होती है, जो अद्भुत होती है, यह ईश्वर के प्रति सच्ची प्रार्थना है। इस तरह की उदारता व्यक्ति की महानता का द्योतक है, जो न केवल आपको बल्कि दूसरे को भी प्रसन्नता, जीवनऊर्जा एवं जीवन प्रदान करती है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## चिनाब पुल ने दिलों को भी जोड़ा हैः टी. जी. सीथाराम

**नयी दिल्ली :** दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल चिनाब ब्रिज के निर्माण में प्रारंभ से ही जुड़े रहे ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के अध्यक्ष प्रोफेसर टी. जी. सीथाराम ने जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाली इस पूरी परियोजना को अति विशिष्ट बताते हुए कहा कि चिनाब ब्रिज विश्व का एक नया अजूबा है, जिसका निर्माण भारतीय इंजीनियरों ने किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर को हर मौसम में जोड़ने के लिए तैयार किए गए इस पुल ने दिलों को भी जोड़ा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश के हर नागरिक की इसमें जबरदस्त भूमिका है। इंजीनियरिंग की मिसाल इस ब्रिज का सपना साकार करने में हजारों इंजीनियरों और श्रमिकों ने महती भूमिका अदा की है।

चिनाब ब्रिज के निर्माण की अद्वितीय यात्रा को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि 2005 में जब पहली बार मैंने चिनाब घाटी में कदम रखा, तब मुझे अंदाज़ा नहीं था कि मैं इतिहास के निर्माण का हिस्सा हूँ। वहां की भौगोलिक स्थिति अत्यंत कठिन थी, जमीन अस्थिर थी और अपेक्षाएँ बहुत ऊँची। फिर भी हमारा विजन स्पष्ट था कि हम केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, राष्ट्रीय गौरव का निर्माण करने वाले हैं।

कश्मीर की पर्याय चिनाब नदी के ऊपर 359 मीटर की ऊंचाई पर बने इस पुल को विज्ञान, आत्मा और राष्ट्रीय चेतना की यात्रा बताते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 20 वर्षों की इस प्रक्रिया में हजारों इंजीनियरों, श्रमिकों और वैज्ञानिकों का समर्पण समाहित है। उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान की टीम के साथ पुल के निर्माण में अपनाए गए लचीले दृष्टिकोण पर भी प्रकाश डाला, जिसमें रीयल टाइम फील्ड डेटा, एडवांस सिमुलेशन और समावेशी तकनीक का बेहतर इस्तेमाल शामिल था, ताकि भौगोलिक अस्थिरता और दुर्गम इलाकों की चुनौती पर फतह हासिल की जा सके। प्रो. सीथाराम ने कहा कि हर कील, हर नींव और सपोर्ट केवल तकनीकी नहीं, बल्कि विश्वास का निर्माण था। इंजीनियरिंग सिर्फ प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है। चिनाब ब्रिज इस बात का जीवंत प्रमाण है कि समर्पण, विज्ञान और राष्ट्र के प्रति प्रेम से असंभव भी संभव बन जाता है। अगर हम चिनाब पर पुल बना सकते हैं तो युवा भारत किसी भी ऊंचाई को छू सकता है।

## वर्ग पहेली नं. 3122

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | 12 | | ■ | 13 | 14 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 15 | | | ■ | 16 | |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 20 | 21 | ■ | | ■ | 22 |
| ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | 26 | | | |
| ■ | | ■ | 27 | 28 | ■ | | ■ | ■ | |
| 29 | | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 1) जिसकी पीठ टेढ़ी हो गई हो, 4) अनुग्रह; दया, 7) छोटे-चौड़े और नुकीले पत्तोंवाली एक साग़, 9) संतोष; सांत्वना, 11) नक़ली; असत्य, 13) टूट पड़ना, 15) वाचाल, 16) वास्तविकता, 17) गहरा, 18) रात, 20) तमाम, 23) महिला, 25) सहयोगदाता, 27) अगर, 29) पहरेदार, 30) भिड़ना, 31) एक पशु.

*ऊपर से नीचे:-* 2) परिवर्तन करना *(आटे से रोटी)*, 3) दीपक की बत्ती का जला हुआ अंतिम भाग, 5) कुकर्म, 6) एक मांसाहारी पालतू प्राणी, 7) झोंपड़ी, 8) बेकार, 10) परंपरावादी, 11) किसी साधारण-सी बात को दिया हुआ झगड़े-बखेड़े का रूप, 12) भारी, 14) छेना, 15) एक संख्या, 19) फाँसीकर्मी, 21) एक पांडव, 22) रंग बदलनेवाला एक छोटा जंतु, 23) हैसियत, 24) निर्धारित, 26) हड़पना, 28) शरीरांतर्गत एक अंग.

*(उत्तरः अगले अंक मे)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | श | य | ■ | अं | टी | ■ | क | ब | ड्डी |
| ■ | रा | ■ | अं | धा | का | र | ■ | द | ■ |
| क | र | व | त | ■ | ■ | ई | श्व | री | य |
| र | त | ■ | का | रा | वा | स | ■ | फ | ■ |
| तू | ■ | का | ल | ■ | स | ■ | दौ | ल | त |
| त | मा | म | ■ | द | र | द | रा | ■ | ड़ता |
| ■ | ■ | या | त | ना | ■ | र्श | ■ | पो | प |
| श | रा | बी | ■ | द | म | क | ल | ■ | ल |
| ती | स | ■ | चु | न | ना | ■ | स | पा | ट |

## सुडोकू-पहेली-3079

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 8 | | | | 2 | | | 5 |
| | | | | | | | | 3 |
| | | 9 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | 7 | |
| 7 | 6 | | | 2 | 8 | | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 3 | | | | | 1 | 2 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••


**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3078 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 3 | 5 | 6 | 9 | 2 | 1 |
| 1 | 3 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 1 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 2 |
| 4 | 2 | 7 | 5 | 6 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 6 | 4 |

# पुराने स्कूलों में लौटेंगे अन्यत्र स्थानांतरित शिक्षक, एसएससी की 'सरप्लस ट्रांसफर' पर बड़ी घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** अन्यत्र स्थानांतरित शिक्षक अपने पुराने स्थानों पर लौटने जा रहे हैं। जिले के प्रत्येक विद्यालय में छात्र-शिक्षक अनुपात का संतुलन बनाए रखने के लिए, चयनित शिक्षकों को दूरदराज के जिलों में स्थानांतरित किया गया था। शुरुआत में स्कूल सेवा आयोग ने ऐसे 1,000 लोगों की सूची तैयार की थी। जिनमें से 605 को स्थानांतरण आदेश मिल चुके हैं। सरकार उन्हें उनके पुराने विद्यालयों में वापस ला रही है। शिक्षानुरागी ओइक्या मंच के महासचिव किंकर अधिकारी ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुझे आने वाले दिनों में ऐसे तबादलों के लिए आनलाइन प्रक्रिया में पारदर्शिता की उम्मीद है। साथ ही, मैं यह भी मांग कर रहा हूं कि निकटवर्ती विद्यालयों में भी स्थानांतरण नीति लागू की जाए। छात्र-शिक्षक अनुपात को सही रखने के लिए राज्य सरकार ने 2023 में यह विशेष 'सरप्लस ट्रांसफर' प्रक्रिया शुरू की थी। इस प्रक्रिया में स्थानांतरित होने वाले शिक्षकों को उनके पुराने कार्यस्थल पर वापस लाया जाएगा। धारा 10-सी के तहत 605 अतिरिक्त शिक्षकों के तबादले की संस्तुति की गई थी। हालांकि विकास भवन ने 110 की संस्तुति खारिज कर दी है। फिलहाल 605 में से शेष 495 शिक्षकों को सरप्लस



तबादले के जरिए स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चरणों में शुरू हो गई है। एसएससी की नई गाइडलाइन के अनुसार, शिक्षक अपने पुराने स्कूलों में स्थानांतरित हो सकेंगे। साथ ही बताया गया है कि भविष्य में सरप्लस तबादले 30 से 50 किलोमीटर के अंदर किए जाएंगे। सहायक प्रधानाध्यापक एवं सहायक प्रधानाध्यापिकाओं के कालेजियम के सचिव सौदीप्ता दास ने आरोप लगाया कि स्थानांतरण प्रक्रिया और इसके नियमों में बार-बार हो रहे बदलाव से शिक्षक भ्रमित हो रहे हैं। सरकार को इन मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लेने की जरूरत है। शिक्षक संगठन के एक वर्ग का दावा है कि दूर के स्कूलों में तबादलों से शिक्षकों में असंतोष की जानकारी शिक्षा विभाग को दी गई थी। उस अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए अप्रैल के मध्य में आदेश वापस ले लिया गया। बंगाली शिक्षक एवं शिक्षाकर्मी संघ के महासचिव स्वपन मंडल ने आरोप लगाया कि भले ही एसएससी ने इतने दिनों बाद आदेश रद्द कर दिया हो, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया है कि उसने सिफारिश वापस ली है या नहीं। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी अभी तक तबादला आदेश वापस नहीं लिया है और शिक्षकों को अपने पुराने स्कूलों में लौटने का आदेश दिया है। इस मामले की तुरंत जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही पता चला है कि उत्सश्री पोर्टल के जरिए म्यूचुअल ट्रांसफर के लिए आवेदन भी लंबे समय से बंद था। इस साल जनवरी में पोर्टल लांच होने के बाद से अब तक 100 से ज्यादा आवेदन जमा हो चुके हैं।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : बंगाल सरकार का आरोप, जस्टिस गांगुली ने सही प्रक्रिया का पालन करते हुए फैसला नहीं सुनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश अभिजीत गांगुली की भूमिका पर राज्य सरकार ने सवाल उठाया है। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई में राज्य के महाधिवक्ता (एजी) किशोर दत्ता ने न्यायमूर्ति तपोब्रत चक्रवर्ती और न्यायमूर्ति ऋतब्रत कुमार मित्रा की खंडपीठ में कहा कि तत्कालीन एकल पीठ के न्यायाधीश ने सही सुनवाई प्रक्रिया का पालन करते हुए फैसला नहीं सुनाया। सुनवाई प्रक्रिया को लेकर कई सवाल हैं। एकल पीठ ने सभी को बोलने का मौका नहीं



दिया। न्यायाधीश ने अपनी मर्जी से सुनवाई जारी रखी। मामले की अगली सुनवाई 23 जून को होगी। एजी ने आरोप लगाया कि जस्टिस गांगुली ने पक्षकारों के बयान सुनने के बाद सुनवाई स्थगित कर दी। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक शिक्षा बोर्ड से जवाबी हलफनामा तलब किया। हालांकि, इससे पहले उन्होंने इसी आवेदन को खारिज कर दिया था। सुनवाई खत्म होने के अगले दिन ही उन्होंने फैसला सुना दिया। फैसला जल्दबाजी में क्यों सुनाया गया? बता दें कि 32,000 प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी रद्द करने के एकल पीठ के फैसले पर खंडपीठ ने भी अपनी मुहर लगा दी थी। हालांकि इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था जहां सर्वोच्च न्यायालय ने भी खंडपीठ के फैसले को बरकरार रखा। मालूम हो कि गत लोकसभा चुनाव से पहले जस्टिस गांगुली भाजपा में शामिल हो गए थे तथा वर्तमान में वह सांसद हैं।

### विधायक की मानवीय पहल से घर लौटे कैंसर मरीज

**अलीपुरद्वार :** कालचीनी विधानसभा के रवींद्रनगर पंचायत के निवासी राजीव पेशे से चाय मजदूर थे। लेकिन, कैंसर की वजह से फिलहाल वे बेरोजगार हैं। वे गत 24 मई को इलाज के लिए कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल आए थे। लेकिन, उन्होंने बताया कि इसी महीने की 7 तारीख को अस्पताल परिसर में ही उनका मोबाइल और उनके सारे दस्तावेज चोरी हो गए। नतीजतन, वे बेसहारा हो गए और समझ नहीं पा रहे थे कि घर कैसे लौटें और पुलिस से संपर्क किया। लेकिन, पुलिस से कोई मदद नहीं मिलने पर वे प्रेस क्लब आए और शिकायत दर्ज कराई। इस स्थिति में किसी तरह उनके अपने इलाके के विधायक विशाल लामा ने उनकी घर वापसी के लिए खुद पहल की।उन्होंने बताया कि विधायक की इस मानवीय पहल से उन्हें लाभ मिला है।

## कोलकाता एयरपोर्ट के पास रहने वालों में दहशत, अहमदाबाद विमान हादसे के बाद बढ़ी चिंता

**कोलकाता, समाज्ञा :** अहमदाबाद के मेघानिनगर में गुरुवार को हुए भयावह विमान हादसे ने कोलकाता हवाई अड्डे के आसपास बसे हजारों लोगों को गहरी चिंता में डाल दिया है। इस हादसे की वीभत्स तस्वीरें सामने आने के बाद कोलकाता एयरपोर्ट के रनवे के उत्तर और दक्षिण ओर बसे क्षेत्रों माइकेलनगर, न्यू बैरकपुर, बिराटी, गंगानगर, मध्यमग्राम, कैखाली, चिनार पार्क, राजारहाट और न्यू टाउन में भय का माहौल बन गया है। यहां रोज़ाना सैकड़ों उड़ानें इन रिहायशी इलाकों के ऊपर से गुजरती हैं। कोलकाता एयर ट्रैफिक कंट्रोल के अनुसार, शहर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रोज



लगभग 350 विमान टेक-ऑफ और लैंड करते हैं। रनवे के उत्तर दिशा में माइकेल नगर, बिराटी, गंगानगर और मध्यमग्राम जैसे क्षेत्र हैं, वहीं दक्षिण दिशा में विमानों की आवाजाही कैखाली, चिनार पार्क, राजारहाट और न्यू टाउन के ऊपर होती है। हालांकि, कुछ लोग इसे जीवन का एक अनिश्चित पहलू मानते हैं।

## हल्दीबाड़ी में फर्जी दस्तावेज बनवाकर रह रहा था बांग्लादेशी युवक, मामा सहित गिरफ्तार

**जलपाईगुड़ी :** कूचबिहार ज़िले के हल्दीबाड़ी क्षेत्र में एक बांग्लादेशी युवक को अवैध रूप से देश में घुसपैठ कर फर्जी पहचान पत्र बनाकर रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपित युवक के साथ उसके मामा को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है, जिसने उसे भारत में पहचान देने में मदद की थी। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए युवक का नाम रूपम सेन है और वह बांग्लादेश के ठाकुरगांव ज़िले का निवासी है। लगभग पांच साल पहले वह अवैध रूप से भारत में घुस आया था। शुरुआत में, वह कूचबिहार के हल्दीबाड़ी क्षेत्र के देवानगंज ग्राम पंचायत अंतर्गत मदरसा मोड़ इलाके में रहने वाले उमेशचंद्र सेन के घर पर ठहरा। बताया गया है कि उमेशचंद्र सेन उसके मामा हैं, लेकिन रूपम ने उन्हें अपना पिता बताकर फर्जी पहचान बनवाई। तथ्यों के मुताबिक, मामा की पहचान को आधार बनाकर रूपम ने भारत में आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र तैयार करवा लिया था। इसी फर्जी पहचान के दम पर उसने सिलीगुड़ी क्षेत्र में मिस्त्री का काम करना शुरू कर दिया। वह समय-समय पर हल्दीबाड़ी में अपने मामा के घर भी आता-जाता रहता था। हाल ही में, पुलिस को गुप्त सूचना मिली



कि रूपम सेन इन दिनों हल्दीबाड़ी में अपनी मौसी के घर में रह रहा है। इसके आधार पर पुलिस ने छापा मारा और मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने रूपम के मामा उमेशचंद्र सेन को भी गिरफ्तार कर लिया, जिन पर अवैध रूप से बांग्लादेशी नागरिक को आश्रय देने और फर्जी दस्तावेज बनवाने में मदद करने का आरोप है। दोनों आरोपितों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि रूपम ने फर्जी पहचान पत्र कैसे बनवाए और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल थे। अधिकारियों का मानना है कि यह किसी बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है, जिसकी जांच अब तेज़ कर दी गई है।

## एनआईओएस से डीएलएड पास अभ्यर्थियों को 2022 की प्राथमिक शिक्षक भर्ती में शामिल होने की मिली अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** एनआईओएस से डीएलएड (डिप्लोमा इन एलीमेंटरी एजुकेशन) पास अभ्यर्थियों को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि ऐसे उम्मीदवार भी वर्ष 2022 की प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान आदेश दिया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (एनआईओएस) से डीएलएड पास कर चुके योग्य अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के बाद प्राथमिक शिक्षा बोर्ड को एक अतिरिक्त मेरिट लिस्ट तैयार करनी होगी। इसके आधार पर उनकी भर्ती प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एनआईओएस से डीएलएड पास सैकड़ों उम्मीदवारों को 2022 की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया था, जिसके विरोध में उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्देश के बाद इस वर्ग को भर्ती में भाग लेने की सशर्त अनुमति मिली थी। हालांकि, 30 मई को प्राथमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी एक अधिसूचना में केवल उन्हीं उम्मीदवारों के नाम दस्तावेज़ सत्यापन सूची में शामिल किए गए, जिन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इससे भर्ती प्रक्रिया को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया था। अब हाई कोर्ट ने यह स्पष्ट किया है कि भर्ती में सिर्फ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाकर्ता बने उम्मीदवार ही नहीं, बल्कि सभी एनआईओएस डीएलएड पास अभ्यर्थी भाग लेने के पात्र हैं। अदालत के इस आदेश के बाद भर्ती की आस लगाए बैठे अनेक अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है।

## पीएल कैपिटल के 'रिंगसाइड व्यू' में भारत-यूके एफटीए के प्रभावों पर चर्चा

**कोलकाता :** पीएल कैपिटल-प्रभुदास लीलाधर ने हाल ही में संपन्न भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के रणनीतिक और आर्थिक प्रभावों पर चर्चा के लिए एक हाई-प्रोफाइल पैनल चर्चा का आयोजन किया। इस सत्र की मेज़बानी पीएल कैपिटल की चेयरपर्सन और एमडी अमीषा वोरा ने की। उन्होंने यूके के ट्रेड कमिश्नर हरजिंदर कांग का परिचय देते हुए इस सत्र की शुरुआत की। इस पैनल में मनीष सिंह (सीआईओ, क्रॉसब्रिज कैपिटल) और अनुज अग्रवाल (ग्रुप चीफ इकोनॉमिस्ट, वेलस्पन ग्रुप) भी शामिल थे। अमीषा वोरा ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा, एफटीए यह संकेत देता है कि भारत की व्यापार रणनीति अब 'टैरिफ-फर्स्ट' से 'ट्रस्ट-फर्स्ट' मॉडल की ओर बढ़ रही है। इससे सेवाएं, विनिर्माण और पूंजी के क्षेत्र में 120 अरब डॉलर के नए अवसर खुल सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारत से ब्रिटेन को होने वाले 72% निर्यात-जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स, ईंधन, रसायन, वस्त्र और परिधान शामिल हैं- ट्रेड सरप्लस में हैं, जिससे ऑटो कंपोनेंट, इंजीनियरिंग गुड्स और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में मजबूती से वृद्धि की संभावना है। यूके के ट्रेड कमिश्नर हरजिंदर कांग ने कहा, यह समझौता सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि यूके-भारत आर्थिक सहयोग के अगले अध्याय का रोडमैप है। वर्तमान में 43 अरब पाउंड का द्विपक्षीय व्यापार हो रहा है, जिसमें 25.5 अरब पाउंड के अतिरिक्त लाभ की संभावना है। यह निर्माताओं और सेवा प्रदाताओं दोनों के लिए नए अवसर खोलेगा।

## सोसायटी बेनिफिट सर्किल अग्र विभूति सम्मान से अलंकृत

**खाटू/कोलकाता :** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने राजस्थान के खाटू धाम में अग्रवाल समाज के विशिष्ट संस्थान एवं व्यक्तियों को भिन्न-भिन्न क्षेत्र में उनके कार्यों के लिए भव्य समारोह सम्मान प्रदान किया। इस मौके पर सोसाइटी बेनिफिट सर्किल को महाकुंभ में प्रायोजित प्राथमिक चिकित्सा शिविर सेवा हेतु उत्कृष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया। ज्ञात रहे कि 11 जनवरी से लगातार 16 फरवरी तक प्रयागराज में महाकुंभ में संस्था के अध्यक्ष पवन बंसल के नेतृत्व में सेवा भाव से प्राथमिक चिकित्सा शिविर के माध्यम से लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा की थी। संस्था के इसी सेवा प्रयासों के मद्देनजर सोसाइटी बेनिफिट सर्किल




को अग्र विभूति सम्मान से अलंकृत किया। अध्यक्ष बंसल एवं प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान ने यह सम्मान ग्रहण किया। अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राज कुमार मित्तल एवं छत्तीसगढ़ के रायपुर से सांसद ब्रिज मोहन अग्रवाल के कर कमलों से यह सम्मान रूपी मोमेंटो का वितरण हुआ।

## एसएससी भर्ती मामला: 'योग्य' शिक्षकों ने फिर शुरू किया आमरण अनशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'योग्य' शिक्षकों ने एक बार फिर आमरण अनशन शुरू कर दिया है। यह प्रदर्शन साल्टलेक स्थित स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) के कार्यालय के पास चल रहा है। शुक्रवार की सुबह को नए सिरे से शुरू हुए इस अनशन में कुल 10 शिक्षक शामिल हुए हैं। यह नया आंदोलन उस समय शुरू हुआ है जब एसएससी द्वारा 30 मई को खाली पदों को भरने की प्रक्रिया से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई है। प्रदर्शनकारी शिक्षक 'योग्य शिक्षक-शिक्षिका अधिकार मंच' के बैनर तले एकजुट हैं। इनका कहना है कि वे दोबारा किसी परीक्षा में नहीं बैठेंगे क्योंकि उन्होंने पहले ही वैध और नियमों के अनुसार परीक्षा पास की थी। उनका दावा है कि वे 'घूस देकर नियुक्त हुए दोषी' उम्मीदवारों की श्रेणी में नहीं आते, फिर भी सभी की नौकरियां सामूहिक रूप से रद्द कर दी गईं। उनका दूसरा तर्क है कि यदि राज्य सरकार और आयोग पहले ही निर्दोष और दोषी शिक्षकों की सूची अलग-अलग प्रकाशित कर देते, तो कलकत्ता हाईकोर्ट और फिर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सभी नियुक्तियों को रद्द नहीं किया जाता। बता दें कि यह दूसरी बार है जब ये शिक्षक आमरण अनशन पर बैठे हैं। इससे पहले इन्होंने 21 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की थी, जिसे 26 अप्रैल को राज्य सरकार द्वारा बातचीत का आश्वासन मिलने के बाद स्थगित कर दिया गया था।

### ओर्कला इंडिया ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**कोलकाता :** एमटीआर फूड्स और ईस्टर्न कॉन्डीमेंट्स की मालिक ओर्कला इंडिया ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी का आईपीओ प्रमोटर और अन्य शेयरधारकों द्वारा 2.28 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए एक पूर्ण प्रस्ताव (ओएफएस) है। ओएफएस के तहत, प्रमोटर ओर्कला एशिया पैसिफिक पीटीई और शेयरधारक नवस मीरान और फिरोज मीरान शेयर बेच रहे हैं।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूर्व रेलवे की सख्ती

### महिला डिब्बों में यात्रा कर रहे 83 पुरुष पकड़े गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा यात्रियों, विशेषकर महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी दिशा में ऑपरेशन महिला सुरक्षा नामक एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों और विशेष ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करना था। दिनांक 11 जून को, पूर्व रेलवे के चार प्रमुख मंडलों - हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदा - के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) अधिकारियों द्वारा नियमित जाँच अभियान चलाया गया। इस एक दिन के अभियान में महिला डिब्बों और महिला स्पेशल ट्रेनों में अनधिकृत रूप से यात्रा करते हुए कुल 83 पुरुष यात्रियों को पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध रेलवे अधिनियम के अंतर्गत अभियोजन की कार्रवाई की गई। पूर्व रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान रेलवे में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महिला आरक्षित डिब्बों का दुरुपयोग रोकना और रेलवे नियमों का कड़ाई से पालन कराना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। पकड़े गए सभी व्यक्तियों पर रेलवे अधिनियम की धाराओं के तहत अभियोग चलाया गया, जो इस बात का प्रमाण है कि पूर्व रेलवे महिला यात्रियों की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पूर्व रेलवे ने यह भी संकेत दिया है कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, जिससे हर यात्री, खासकर महिलाएं, रेलवे की सेवाओं का उपयोग बिना किसी भय या असुविधा के कर सकें।

## हावड़ा में फैमिली सेफ्टी सेमिनार का आयोजन, रनिंग स्टाफ और परिवारों के लिए पूर्व रेलवे की अनूठी पहल

**हावड़ा, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के ट्रैक्शन रोलिंग ऑपरेशन (टीआरओ/एचडब्ल्यूएच) विभाग की ओर से शुक्रवार को एक विशेष फैमिली सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। इस पहल का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) संजीव कुमार ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य रनिंग स्टाफ और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य, सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना था।

इस सेमिनार में कुल 28 परिवारों और 65 रनिंग स्टाफ सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिनमें पर्यवेक्षक भी शामिल थे। इस अवसर पर अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेशंस), सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (एसीएमएस/एचडब्ल्यूएच), बृजेश सिंह अस्पताल/सियालदह के मनोचिकित्सक, हावड़ा की डिविजनल डाइटीशियन अलका रक्षित तथा पर्सनल ब्रांच के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ विद्युतीय अभियंता (ऑपरेशन)/हावड़ा द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के महत्त्व को रेखांकित किया गया। ब्रह्मा कुमारी संस्था की एक वक्ता ने ध्यान, तनाव प्रबंधन और मानसिक शांति पर प्रेरक वक्तव्य दिया।

इसके बाद डॉ. जे. मुखर्जी, मनोचिकित्सक




(बृजेश सिंह अस्पताल) ने तनाव से निपटने के लिए शराब और नींद की गोलियों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल का अधिक प्रयोग भी हानिकारक है और गहरी सांस लेना, मांसपेशियों को शिथिल करना, योग, पॉवर नैप जैसे उपाय लाभकारी हो सकते हैं। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और भरपूर नींद पर ज़ोर दिया।

डायटिशियन अलका रक्षित ने ड्यूटी से कम से कम दो घंटे पहले भोजन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि संतुलित आहार में 40-50% कार्बोहाइड्रेट, 20-30% प्रोटीन, 30% विटामिन और 10% वसा होना चाहिए। उन्होंने प्रोसेस्ड फूड और मीठे के सेवन में कटौती तथा पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी।

इस मौके पर डीआरएम संजीव कुमार ने उत्कृष्ट सेवा देने वाले 31 रनिंग स्टाफ सदस्यों को प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सेमिनार का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा स्पीड अलर्ट प्रो का शुभारंभ - यह एक अत्याधुनिक डिजिटल सुरक्षा प्रणाली है जो पूर्व के एलईडी आधारित अलर्ट सिस्टम की जगह लेगी। इसमें रियल टाइम अपडेट, रंग-कोडित अलर्ट, ग्रेडिएंट और इलाके की जानकारी, और पोर्टेबल वेब-आधारित एक्सेस की सुविधा होगी।

कार्यक्रम के अंत में एडीआरएम (ऑपरेशंस)/हावड़ा ने रनिंग स्टाफ की कठिनाइयों और उनके परिवारों की भूमिका को रेखांकित किया। डीआरएम संजीव कुमार ने अपने समापन भाषण में सेमिनार को एक सार्थक और समग्र पहल बताया। उन्होंने सतर्कता, स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, सिग्नल पालन और पारदर्शी संवाद बनाए रखने का संदेश दोहराया।

यह आयोजन पूर्व रेलवे की 'सुरक्षा पहले, मानव केंद्रित कार्य संस्कृति' की दिशा में एक और ठोस कदम साबित हुआ, जो न सिर्फ कर्मचारी बल्कि उनके परिवारों की भलाई को भी प्राथमिकता देता है।

### गोदरेज के मोटर सॉल्यूशंस व्यवसाय का 2028 तक 40% राजस्व वृद्धि का लक्ष्य

**मुंबई/कोलकाता :** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का मोटर सॉल्यूशन व्यवसाय वित्त वर्ष 28 तक 1000 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जिसमें कुल राजस्व का 20% निर्यात से आएगा। व्यवसाय वित्त वर्ष 26 में 750 करोड़ रूपये का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी), एचवीएसी अनुप्रयोगों, पंप अनुप्रयोगों और एक्ट्यूएटर सेगमेंट्स में बढ़ती मांग से प्रेरित है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मोटर सॉल्यूशन बिजनेस के ईवीपी और हेड जेरसिस मार्कर ने कहा, हम महत्वपूर्ण आरएंडडी निवेश और उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाने के माध्यम से अपनी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत कर रहे हैं। हम ईवी, ऑटोमेशन, एक्ट्यूएटर्स, पंप आदि जैसे पहचाने गए विकास क्षेत्रों की सेवा करने के लिए प्रौद्योगिकी और क्षमता में निवेश करना जारी रखते हैं, साथ ही दुर्लभ-पृथ्वी सामग्रियों पर निर्भरता को कम करने के लिए मोटर डिज़ाइन में नवाचारों को आगे बढ़ाते हैं।

### प्राइडगोदरेज 2025: प्रतीकवाद से परे, एलजीबीटीक्यूआईए+ की आवाज़ और व्यवसायों को सशक्त बनाना

**मुंबई/कोलकाता :** इस वर्ष, प्राइडगोदरेज ने गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के भीतर सांस्कृतिक समावेशन के दस वर्षों के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए एक ऐसा मंच तैयार किया है, जहां प्रामाणिक क्वीयर कहानियां, उद्यमशीलता की भावना और कलात्मक अभिव्यक्ति को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया जा सके। गोदरेज डीईआई लैब के प्रमुख और क्वियरिस्तान पुस्तक के लेखक पार्मेश शाहनी ने कहा, 'इस आयोजन की सबसे खास बात यह है कि हमने केवल इंद्रधनुषी रंगों तक सीमित न रहकर वास्तविक अवसरों का सृजन किया।'

# दीघा में पहली बार निकलेगी रथयात्रा, आम लोगों को मिलेगा रस्सी खींचने का अवसर

**कोलकाता/पूर्व मेदिनीपुर :** इस वर्ष पहली बार राज्य के समुद्र तटीय पर्यटन स्थल दीघा में भव्य रथयात्रा का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें आम श्रद्धालु भी रथ की रस्सी खींचने का सौभाग्य प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार की शाम को नवान्न में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में इसकी पूरी तैयारी का जायजा लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी श्रद्धालु को वंचित न किया जाए। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि दीघा स्थित जगन्नाथ मंदिर से लेकर 'मासी का घर' तक लगभग एक किलोमीटर लंबे मार्ग के दोनों किनारों पर रथ की रस्सी बांधी जाएगी, ताकि बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालु रथ खींचने में भागीदारी कर सकें। यह व्यवस्था पहली



बार की जा रही है। मुख्यमंत्री 25 जून की शाम को दीघा पहुंचेंगी। अगले दिन यानी 27 जून को वे रथयात्रा के शुभारंभ से पहले स्वयं 'सोना के झाड़ू' से रास्ता साफ करेंगी और फिर रस्सी खींचकर यात्रा की शुरुआत करेंगी। इस मौके पर इस्कॉन, पश्चिम बंग राज्य सनातन ब्राह्मण ट्रस्ट और मंदिर समिति के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। प्रशासन को अनुमान है कि इस ऐतिहासिक रथयात्रा में लगभग 2.5 लाख लोगों की भीड़ उमड़ सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने 26 जून से ही विशेष यातायात नियंत्रण, व्यापक पुलिस तैनाती और निगरानी की योजना बनाई है। मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। राज्य सरकार की ओर से कुछ 'हंगर प्वाइंट' भी बनाए जाएंगे, ताकि भीड़ के बीच राहत मिल सके। पूरे दीघा में 'मे आई हेल्प यू' कैंप लगाए जाएंगे। साथ ही, मेडिकल कैंप, जलसत्र, नि:शुल्क प्रसाद वितरण और खाने की भी व्यवस्था की जा रही है। इस मौके पर विशेष 'भोग' का भी आयोजन होगा। चूंकि, आयोजन के दौरान बारिश की संभावना है, इसलिए मुख्यमंत्री ने विशेष आपदा प्रबंधन की तैयारी का भी निर्देश दिया है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की विशेष टीमों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा गया है।

## दीघा में होटल किराए को लेकर मची अव्यवस्था पर सख्त हुआ प्रशासन

**पूर्व मेदिनीपुर :** जगन्नाथ मंदिर उद्घाटन के बाद से दीघा में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसी बीच, होटल किराए को लेकर गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। अग्रिम बुकिंग न होने की स्थिति में होटल मालिक मनमाने किराए वसूल रहे हैं और अधिकतर मामलों में बिल भी नहीं दिया जा रहा है। पर्यटकों की ओर से दायर की गई शिकायतों के बाद दीघा-शंकरपुर विकास प्राधिकरण हरकत में आया है। पूर्व मेदिनीपुर के जिलाधिकारी पूर्णेन्दु मांझी ने साफ कहा है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित होटलों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक होने पर होटल का लाइसेंस रद्द करने की भी चेतावनी दी गई है। पर्यटकों का आरोप है कि सामान्यतः एक हजार रुपये प्रति रात के कमरे के लिए उनसे तीन से चार हजार रुपये तक वसूले गए। टोटो व ऑटो चालकों को कमीशन देने के नाम पर होटल मालिक अधिक किराया ले रहे हैं। कुछ होटल मालिकों ने आरोपों को यह कहकर खारिज किया है कि टोटो या ऑटो चालक ही पर्यटकों से ज्यादा पैसे वसूलते हैं और कमीशन लेते हैं। उन्होंने कहा कि होटल द्वारा सीधे ज्यादा किराया नहीं लिया गया। हालांकि, दीघा-शंकरपुर होटलियर्स एसोसिएशन और ओल्ड दीघा होटल ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने स्वीकार किया कि कुछ होटल वास्तव में नियमों का उल्लंघन कर अधिक किराया ले रहे हैं, जिससे दीघा की छवि खराब हो रही है। होटलों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने एक ऑनलाइन पोर्टल की व्यवस्था की है, जहां होटल को पर्यटकों के विवरण और किराए की जानकारी तत्काल अपलोड करनी होती है। लेकिन शिकायत है कि अधिकतर होटल इसका पालन नहीं कर रहे। इसके अलावा हर होटल को कमरे की संख्या, खाली कमरों की जानकारी और तय किराया होटल काउंटर पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य है, लेकिन इस नियम की भी जमकर अनदेखी हो रही है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा का निरंतर प्रसार कर रही पत्रकारिता : कृपाशंकर चौबे

**कोलकाता, समाज्ञा :** वरिष्ठ पत्रकार तथा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रचार-प्रसार में पारंपरिक तथा आधुनिक व उत्तरोत्तर आधुनिक संचार माध्यमों की बड़ी भूमिका रही है। प्रो. चौबे शुक्रवार को कलकत्ता विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में भारतीय ज्ञान परंपरा और संचार माध्यम विषय पर विशेष वक्तव्य दे रहे थे। प्रो. चौबे ने कहा कि भारतीय



समाज वाचिक संचार का समाज रहा है। मुद्रित और दृश्य-श्रव्य माध्यमों के आने पर भी वाचिक परंपरा समाप्त नहीं हुई। पारंपरिक और आधुनिक व उत्तरोत्तर आधुनिक संचार माध्यमों ने जनता में भारतीय परंपरा में ज्ञान की संचित राशि और देश की सांस्कृतिक विरासत के प्रति ललक पैदा की है। उन्होंने कहा कि राजा राममोहन राय ने उन्नीसवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में 'संवाद कौमुदी' और 'ब्रह्मैनिकल मैगजीन' के माध्यम से ब्रह्म समाज के इस मत का प्रचार किया कि वैदिक धर्म अत्यंत पवित्र, शुद्ध और अनुकरणीय है जिसमें मूर्ति पूजा और अंधविश्वास की कोई जगह नहीं। भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के संयोजक संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डा. कमल किशोर मिश्र ने प्रास्ताविक वक्तव्य दिया। डा. सुदीप्ता चक्रवर्ती ने स्वागत वक्तव्य दिया और धन्यवाद ज्ञापन डा. टुली राय ने किया।

# राज्य सरकार ने ग्रुप सी और डी कर्मचारियों के भत्ते से जुड़े मामले की वैधता पर उठाए सवाल

❑ **सुनवाई पूरी, जस्टिस अमृता सिन्हा ने फैसला सुरक्षित रख लिया**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने ग्रुप सी और डी कर्मचारियों के भत्ते से जुड़े मामले की वैधता पर सवाल उठाए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने नौकरी गंवाने वाले ग्रुप सी और डी कर्मचारियों को भत्ता देने के मामले में एक नए मामले की सुनवाई पूरी हो गई है। हालांकि, जस्टिस अमृता सिन्हा ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।



गौरतलब है कि भत्ते से जुड़े एक अन्य मामले की सुनवाई भी जस्टिस सिन्हा की बेंच में कुछ दिन पहले हुई थी। उस मामले में भी फैसला सुरक्षित रखा गया है। उल्लेखनीय है कि मई में राज्य सरकार ने फैसला किया था कि नौकरी गंवाने वाले ग्रुप सी कर्मचारियों को 20,000 रुपये प्रतिमाह और ग्रुप डी कर्मचारियों को 15,000 रुपये प्रतिमाह भत्ता दिया जाएगा। उस भत्ते को देने के फैसले का विरोध करते हुए हाई कोर्ट में मामला दायर किया गया था। शुक्रवार को सुनवाई में वादी पक्ष के वकील फिरदौस शमीम ने जस्टिस सिन्हा की पीठ के समक्ष दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन कर्मचारियों (ग्रुप सी और ग्रुप डी) की नौकरी रद्द की गई थी। लेकिन उस आदेश का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। ऐसे मामले में विधायिका विपरीत निर्णय नहीं ले सकती। हालांकि, राज्य ने नए मामले की वैधता और स्वीकार्यता पर सवाल उठाए। उसके मुताबिक, बेरोजगार ग्रुप सी और डी कर्मियों को भत्ता देने के वादी पक्ष के फैसले में कौन से हित जुड़े हैं? वे उस फैसले को चुनौती क्यों देंगे? हालांकि, वादी पक्ष के वकील राज्य के सवाल पर ध्यान देने से कतरा रहे हैं। उनका तर्क है कि कोई भी नागरिक जो टैक्स देता है, वह भत्ता देने के फैसले के विरोध में केस दायर कर सकता है। जनता का पैसा कहां खर्च हो रहा है, यह जानने का हक सभी को है। इसलिए इस मामले में भी वादी पक्ष के हित जुड़े हैं। जस्टिस सिन्हा ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी की।

## राज्य व्यवसायियों के पक्ष में, केंद्र चुप – मंदारमणि होटल विवाद पर हाई कोर्ट ने जताई नाराज़गी

**कोलकाता :** मंदारमणि के अवैध होटल निर्माण मामले में अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकलने पर कोलकाता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य और केंद्र, दोनों की भूमिका पर असंतोष जताया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की अदालत ने केंद्र को अंतिम अवसर देते हुए मौजूदा अंतरिम आदेश 26 सितंबर तक बनाए रखने का निर्देश दिया है, जिसके तहत किसी भी होटल को तब तक नहीं तोड़ा जाएगा।

मामला समुद्र किनारे मंदारमणि में उग आए अवैध होटलों का है। आरोप है कि कई होटल समुद्र तट पर दीवार बनाकर, प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण कर, पर्यटकों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था कर रहे हैं। इस पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशानुसार पूर्व मेदिनीपुर जिला प्रशासन ने सौ से अधिक होटलों को तोड़ने का नोटिस जारी किया। इसके विरोध में होटल मालिक हाई कोर्ट पहुँच गए।

शुक्रवार की सुनवाई में केंद्र सरकार की तरफ से कहा गया कि राज्य में कोई भी 'कोस्टल रेगुलेशन ज़ोन' (सीआरजेड) घोषित नहीं है। इस पर आश्चर्य जताते हुए न्यायमूर्ति सिन्हा ने पूछा कि जब उठन की परिभाषा और सीमा केंद्र सरकार तय करती है, तो उसकी स्पष्ट दिशा-निर्देश क्यों नहीं हैं?

एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) अशोक चक्रवर्ती ने कहा कि जिन अधिकारियों को यह ज़िम्मेदारी दी गई है, उनसे जानकारी माँगी गई है, लेकिन अब तक किसी क्षेत्र की पहचान नहीं की गई है। इसके जवाब में केंद्र की ओर से यह भी कहा गया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण की प्रधान पीठ दिल्ली में है, तो फिर हाई कोर्ट में इस तरह की चुनौती कैसे स्वीकार की जा सकती है?

वहीं, राज्य पर्यावरण विभाग के वकील नयन बिहानी ने कहा कि इस मामले में राज्य पर्यावरण विभाग की कोई भूमिका नहीं है। निर्माण की अनुमति केंद्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी है।

सभी पक्षों की दलीलों से असंतुष्ट होकर न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, राज्य सरकार होटल मालिकों के पक्ष में खड़ी है और केंद्र सरकार कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे रही। अब अदालत सिर्फ यह देखेगी कि कानून के अनुसार वहां होटल चलाया जा सकता है या नहीं।

अब अगली सुनवाई 26 सितंबर को होगी और तब तक होटल तोड़ने पर रोक जारी रहेगी।

### श्रीरामपुर में लकड़ी के गोदाम में लगी आग

**हुगली, समाज्ञा :** जिले में श्रीरामपुर थानांतर्गत बेलूर मोड़ इलाके में स्थित एक लकड़ी के गोदाम में गुरुवार रात आग लग गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात करीब 11 बजे लकड़ी गोदाम में आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खबर मिलते ही एक-एक कर दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों की मशक्कत के बाद शुक्रवार तड़के आग को काबू कर लिया गया। इस दौरान श्रीरामपुर थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि आग किस वजह से लगी। प्राथमिक तौर पर दमकल कर्मियों का अनुमान है कि शार्ट सर्किट के कारण ही आग लगी थी। इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

## बरसात से पहले 12 लाख बंगाल आवास पूरे हों

❑ **मुख्य सचिव का ज़िला अधिकारियों को सख़्त निर्देश**

**कोलकाता :** 'बंगाल का घर' (बंगलार बाड़ी) योजना को लेकर राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण बैठक की। मुख्य सचिव मनोज पांथे ने शुक्रवार सुबह ज़िलाधिकारियों के साथ बैठक में सख़्त निर्देश देते हुए कहा कि जिन लाभार्थियों को दूसरी किस्त की राशि मिल चुकी है, उनके घरों का निर्माण कार्य जुलाई-अगस्त महीने के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। नबान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्य सचिव ने ज़िलाधिकारियों से कहा, छोटे-छोटे निरीक्षण दल बनाएं। ये टीमें ज़रूरत पड़ने पर घर-घर जाकर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगी। कार्य की रफ्तार बढ़ानी होगी। जिन लोगों को दूसरी किस्त मिल चुकी है, सरकार चाहती है कि उनका घर अगस्त के अंत तक तैयार हो जाए। मुख्य सचिव ने हाल ही में पंचायत विभाग के साथ हुई बैठक में भी इस योजना को लेकर सख्ती दिखाई थी। उन्होंने कहा था कि सिर्फ़ आंकड़ों का संकलन पर्याप्त नहीं है, बल्कि जिन लाभार्थियों को पैसा मिला है लेकिन वे निर्माण नहीं कर रहे, उन्हें घर-घर जाकर प्रेरित करना होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हज़ारों लाभार्थी ऐसे हैं जिन्होंने 'बंगाल का घर' योजना के तहत पैसा तो ले लिया है लेकिन अब तक निर्माण शुरू नहीं किया है। हाल ही में जारी एक ज़िलावार रिपोर्ट में पाया गया कि कई ज़िलों में योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं है, जबकि दूसरी किस्त का भुगतान पहले ही हो चुका है। इसी स्थिति को देखते हुए मुख्य सचिव मनोज पांथे ने शुक्रवार को फिर एक समीक्षा बैठक की और ज़िलाधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एअर इंडिया विमान हादसे की 'सच्चाई सामने' लाने के लिए हो गहन और पारदर्शी जांच : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने एअर इंडिया विमान हादसे के एक दिन बाद शुक्रवार को घटना की 'सच्चाई उजागर करने' के लिए 'गहन और निष्पक्ष' जांच की मांग की। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उचित जांच पूरी होने से पहले ही 'पक्षी टकराने' जैसे सिद्धांतों को स्थापित करने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कल एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पूरा देश शोक में है। इस त्रासदी के बाद, कई तरह की बातें कही जा रही हैं। हम सच्चाई को उजागर करने के लिए गहन, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। कोई लीपापोती नहीं। कोई राजनीति नहीं। केवल



जवाबदेही। यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। घोष ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार में देश भर में यात्रियों के लिए हवाई मार्ग और रेलवे यात्रा सुरक्षा सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। घोष ने कहा कि विमान पेरिस से दिल्ली आया था। इसके बाद यह अहमदाबाद पहुंचा और फिर लंदन के लिए रवाना हुआ। अचानक ऐसा क्या हुआ कि यह उड़ान भरने में असमर्थ हो गया? क्या विमान का रखरखाव ठीक से किया गया था? इसकी प्रणाली के काम न करने की इतनी शिकायतें क्यों सामने आ रही हैं? उन्होंने विमान रखरखाव में संभावित चूक के लिए भी केंद्र को जिम्मेदार ठहराया, जबकि विमानन कंपनी (एअर इंडिया) वर्तमान में निजी स्वामित्व में है। घोष ने कहा कि टाटा समूह ने हाल ही में एअर इंडिया का अधिग्रहण किया है। इससे पहले, यह केंद्र के स्वामित्व वाली एयरलाइन थी। नए और पुराने मालिक का जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए सवाल किया कि क्या उचित जांच की गई थी? क्या कोई अन्य तकनीकी खराबी थी? क्या अनुभवी पायलट द्वारा संचालित एक आधुनिक विमान इस तरह से गिर सकता है?

## हाई कोर्ट सख्त, आरोपित को कानूनी सहायता न देने पर दो न्यायिक अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक नशीले पदार्थ से जुड़े मामले में गिरफ्तार आरोपित को उसके संवैधानिक अधिकार के तहत कानूनी सहायता नहीं देने पर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। इस प्रकरण में न्यायालय ने अलीपुरद्वार जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और एनडीपीएस मामलों के जिला एवं सत्र न्यायाधीश को दोषी मानते हुए उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव की एकल पीठ ने इस गंभीर लापरवाही को न्यायिक आचरण के खिलाफ बताते हुए कहा कि आरोपित को गिरफ्तारी के बाद उसके कानूनी अधिकारों से अवगत नहीं कराया गया, न ही उसके पक्ष में कोई अधिवक्ता नियुक्त किया गया, जो कि भारतीय संविधान और न्याय की बुनियादी अवधारणाओं का उल्लंघन है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि एनडीपीएस अधिनियम), 1985 के तहत दर्ज मामलों में आरोपित के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना न्यायिक प्रक्रिया का आवश्यक हिस्सा है। लेकिन इस मामले में राज्य सरकार की ओर से आरोपित को उसकी गिरफ्तारी के कारणों और उसके कानूनी आधार की समुचित जानकारी भी नहीं दी गई, जो कि गंभीर चिंता का विषय है। हाई कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को 'गंभीर प्रशासनिक और न्यायिक चूक' बताते हुए रजिस्ट्रार जनरल को निर्देश दिया है कि वे इस मामले की संपूर्ण रिपोर्ट मुख्य न्यायाधीश को सौंपें। इसका उद्देश्य संबंधित न्यायिक अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करना है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

# बशीरहाट में 22 रोहिंग्या गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** म्यांमार से बांग्लादेश होते हुए भारत में दाखिल हुए 22 रोहिंग्या नागरिकों को उत्तर 24 परगना ज़िले के बशीरहाट उपमंडल के शायस्ता नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन्हें उस समय पकड़ा जब वे गुपचुप तरीके से सीमा पार कर बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। शुक्रवार को सभी आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार के तड़के शायस्ता नगर एक नंबर ब्लॉक के लवंग इलाके में 22 संदिग्ध लोगों को घूमते देखा गया। स्थानीय निवासियों को उन पर शक हुआ और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची बादुड़िया थाना पुलिस ने सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। जांच में कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर पुलिस को संदेह हुआ। बाद में,



पूछताछ में उन्होंने माना कि वे बांग्लादेश लौटने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों में पांच महिलाएं, चार पुरुष और 13 नाबालिग शामिल हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे करीब 10 वर्ष पहले म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते अवैध रूप से भारत आए थे और उसके बाद हैदराबाद सहित देश के विभिन्न हिस्सों में रह रहे थे। इस दौरान उन्होंने नाम और पहचान छुपा रखी थी। पुलिस को संदेह है कि हाल के वर्षों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में आई तल्खी के चलते देश में रोहिंग्या घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है, जिससे बचने के लिए वे लोग बांग्लादेश वापस लौटने की फिराक में थे। इन लोगों ने किसी दलाल के जरिए सीमा पार करने की योजना बनाई थी। बशीरहाट के एसपी हसन मेहदी रहमान ने शुक्रवार की दोपहर जारी बयान में बताया कि गिरफ्तार किए लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है। वे कैसे भारत में आए और कहां-कहां रहे हैं, इस बारे में जानकारी ली जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि उनके कोई और साथी फिलहाल यहां रह रहे हैं या नहीं। फिलहाल पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इनका मकसद महज शरण लेना था या किसी देशविरोधी षड्यंत्र को अंजाम देना। इनकी गतिविधियों, संपर्कों और देश में रहने के असली उद्देश्य को लेकर विस्तृत जांच जारी है।

## कालीगंज उपचुनाव को 'समावेशी, सुलभ' बनाने के लिए निर्वाचन आयोग ने उठाए कई कदम

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के उप-चुनाव को समावेशी और सुलभ बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव को समावेशी, सुलभ और सहभागी बनाने के लिए ईसीआई के निर्देशों का पालन करते हुए हमने कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एक मॉडल मतदान केंद्र (एमपीएस) होगा, जबकि दो बूथ का प्रबंधन पूरी तरह से महिला कर्मियों द्वारा किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि एमपीएस का प्रबंधन दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) मतदान अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मतदान केंद्र में मतदाताओं की कुल संख्या 559 है। अधिकारी ने कहा कि मॉडल मतदान केंद्र में बच्चों के लिए 'क्रेच' की सुविधा होगी। इसे इस तरह से सजाया जाएगा कि यह नादिया जिले के इतिहास को दर्शाएगा। मतदाताओं को एक सुखद और उत्सवी अनुभव प्रदान करने के लिए मॉडल मतदान की अवधारणा बनाई गई है। अधिकारी ने कहा कि एक मॉडल मतदान केंद्र पीने के पानी, शौचालय, रैंप जैसी न्यूनतम सुविधाएं प्रदान करने के अलावा, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कतार-रहित मतदान, प्रतीक्षा कक्ष, 'क्रेच' और प्राथमिक चिकित्सा किट जैसी अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि एक स्कूल में स्थित दो मतदान केंद्रों का प्रबंधन पूरी तरह से महिला मतदान कर्मियों द्वारा किया जाएगा। अधिकारी के मुताबिक, दोनों बूथ पर मतदाताओं की संख्या 823 और 996 है।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट पर सरकारी अधिवक्ता ने दर्ज किया मानहानि का मुकदमा, आरोपी को मिली जमानत

**हुगली :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ बार-बार फेसबुक पर आपत्तिजनक, अशोभनीय और अश्लील भाषा का प्रयोग करने के मामले में हुगली जिला के सरकारी अधिवक्ता (पब्लिक प्रॉसिक्यूटर) शंकर गांगुली ने व्यक्तिगत रूप से मानहानि का मुकदमा दर्ज किया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दायर किया गया है, जो कि देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री या किसी मंत्री के विरुद्ध की गई मानहानिकारक टिप्पणी से संबंधित है।

शंकर गांगुली, जो आमतौर पर अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से दलील रखते हैं और जिनकी पैरवी से अब तक चार आरोपियों को फांसी और कई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है, इस बार स्वयं वादी बने हैं। उन्होंने बताया कि यह मुकदमा इछड की धारा 222 के तहत दायर किया गया है और आरोपी के खिलाफ धारा 356(4) के अंतर्गत भी आरोप लगाए गए हैं।

आरोपी भूपाल घोष, जो चूचुड़ा के कोदालिया-1 ग्राम पंचायत अंतर्गत लाइब्रेरी रोड का निवासी है, पर आरोप है कि उसने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ लगातार अपमानजनक, अमर्यादित और अभद्र भाषा में टिप्पणी की। शंकर गांगुली ने कहा, फेसबुक जैसी सार्वजनिक मंच पर इस प्रकार की टिप्पणियां राज्य, देश और विदेशों में भी पहुंचती हैं, जिससे जनभावन-ाओं को ठेस पहुंचती है और शासन की गरिमा को आघात लगता है। यह एक गंभीर अपराध है, जिसमें दोष सिद्ध होने पर दो वर्ष तक की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

यह मामला 5 जून को हुगली जिला जज कोर्ट में दायर किया गया था और आज उसकी पहली सुनवाई हुई। अदालत ने आरोपी भूपाल घोष को जमानत दे दी है। वह एक निजी संस्था में कार्यरत हैं। अदालत में भूपाल घोष ने कहा, मैं किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ नहीं हूं। राज्य की वर्तमान परिस्थितियों से मानसिक तनाव में आकर वह पोस्ट किया गया था। मैं एक सामान्य नागरिक हूं और भविष्य में इस तरह की किसी गतिविधि से खुद को दूर रखूंगा।

इस मामले की अगली सुनवाई की तारीख जल्द ही निर्धारित की जाएगी।

### महेशतला की स्थिति गंभीर, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, त्वरित सुनवाई की मांग लेकर शुभेंदु फिर पहुँचे हाईकोर्ट

**कोलकाता :** राज्य के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने महेशतला की हालिया घटनाओं को लेकर गुरुवार को कोलकाता हाईकोर्ट का रुख किया था। उन्होंने इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से जांच कराने की मांग करते हुए मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच में एक जनहित याचिका दायर की थी। अब शुक्रवार को शुभेंदु अधिकारी एक बार फिर हाईकोर्ट पहुँचे और इस मामले की जल्द सुनवाई की मांग की। उनके वकील ने अदालत में दलील दी कि महेशतला की स्थिति बेहद खराब है। लोगों की सुरक्षा खतरे में है, इसलिए इस याचिका पर शीघ्र सुनवाई की आवश्यकता है। सूत्रों के अनुसार, अदालत ने याचिका स्वीकार कर ली है। संभावना है कि इस पर आगामी सोमवार को न्यायमूर्ति सौमेन सेन की डिवीजन बेंच में सुनवाई होगी।

## शांतनु सेन के खिलाफ चार्जशीट, मेडिकल काउंसिल ले सकती है बड़ा फैसला

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित डॉक्टर और नेता शांतनु सेन की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राज्य मेडिकल काउंसिल ने उनके खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। आरोप है कि शांतनु सेन ने बिना नेशनल मेडिकल कमिशन और राज्य मेडिकल काउंसिल की अनुमति के, अपनी प्रेस्क्रिप्शन पैड पर एफआर-सीपी ग्लासगो (एफआरसीपी ग्लासगो) को एक अतिरिक्त योग्यता के रूप में दिखाया था।

राज्य मेडिकल काउंसिल की एथिक्स एंड पेनाल कमेटी की जांच में पाया गया कि शांतनु सेन को एफआरसीपी ग्लासगो की डिग्री नहीं बल्कि सिर्फ डिप्लोमा प्राप्त हुआ था, लेकिन उन्होंने कभी भी इसे प्रेस्क्रिप्शन में डिप्लोमा के रूप में उल्लेख नहीं किया।

मामला राज्य मेडिकल काउंसिल एक्ट 1914 की धारा 17/25 के अंतर्गत आता है। अगर शांतनु सेन चार्जशीट प्राप्त होने के 21 दिनों के भीतर उचित जवाब नहीं देते हैं, तो उनकी चिकित्सकीय रजिस्ट्रेशन रद्द करने सहित काउंसिल कोई बड़ा फैसला ले सकती है।

शांतनु सेन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने 'विदेशी डिग्री' का गैरकानूनी तरीके से उल्लेख कर निजी प्रैक्टिस की है। उनके लेटरहेड में राज्य मेडिकल काउंसिल से अप्राप्त डिग्री का उल्लेख होने के कारण विवाद और भी गहरा गया।

प्राथमिक जांच के बाद मेडिकल काउंसिल ने उन्हें नोटिस भी भेजा था, लेकिन शांतनु ने इन आरोपों का कड़ा विरोध किया था। अब इस पूरे मामले में चार्जशीट जारी होने के बाद मेडिकल काउंसिल की अगली कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

## हुगली ग्रामीण पुलिस की तत्परता: 8 घंटे में अगवा युवक की सकुशल बरामदगी, 4 अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**हुगली :** हुगली ग्रामीण पुलिस ने सिंगुर थाना क्षेत्र से अगवा एक युवक को मात्र आठ घंटे में सकुशल बरामद कर चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। अपहृत युवक शेख माफुज (24), हसनपुर (कुमारकुंडू) का निवासी है। गुरुवार रात करीब 9:30 बजे उसकी मां साहेनारा बेगम को एक कॉल आया, जिसमें अपहरणकर्ताओं ने 8 लाख रुपये फिरौती की मांग की।

परिजन ने तुरंत सिंगुर थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रैक कर कार्रवाई तेज कर दी। शुक्रवार सुबह, हरिपाल थाना क्षेत्र के कामराजपुर इलाके के एक धान के खेत से युवक को मुक्त कर लिया गया। घटनास्थल से पुलिस ने चार अभियुक्तों – शेख शरीफ, शेख नईम, शेख जाहंगीर और शेख हलीम



– को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी पीड़ित के जान-पहचान के थे और 'सोने के आभूषण बनाने' के बहाने उसे बुलाकर अगवा किया गया था।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। इस मामले में कुल छह अभियुक्त शामिल हैं, जिनमें दो अभी भी फरार हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 364ए, 120बी सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

शुक्रवार को सिंगुर थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी कृषानु राय ने पूरे मामले की जानकारी दी। उनके साथ डीएसपी अग्निश्वर चौधरी और सर्कल इंस्पेक्टर प्रशांत चटर्जी भी उपस्थित थे। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## नामी होम्योपैथिक क्लिनिक का बर्खास्त सुरक्षा कर्मी बना फर्जी डॉक्टर, गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नामी होम्योपैथिक क्लिनिक से निकाला गया सुरक्षा कर्मी प्रदीप पाल रातों-रात खुद को डॉक्टर बताकर क्लिनिक खोल बैठा। आरोप है कि उसने दक्षिण 24 परगना के गंगासागर, नामखाना समेत कई इलाकों में क्लिनिक खोलकर इलाज के नाम पर मरीजों से ठगी शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, प्रदीप पाल कोलकाता के भवानीपुर इलाके के एल्गिन रोड स्थित एक प्रसिद्ध होम्योपैथिक क्लिनिक में सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत था। नौकरी के दौरान वह दवाइयों और चिकित्सा पद्धति से जुड़ी गतिविधियों में रुचि लेने लगा। लेकिन क्लिनिक प्रबंधन के साथ विवाद के चलते उसे नौकरी से निकाल दिया गया। कुछ समय बाद क्लिनिक को पता चला कि प्रदीप ने दक्षिण 24 परगना में उसी नाम से कई जगह क्लिनिक खोल रखे हैं और खुद को डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज कर रहा है। उसके क्लिनिक में भीड़ भी जुटने लगी, क्योंकि उसने उसी प्रसिद्ध क्लिनिक का नाम इस्तेमाल किया। जब कुछ मरीजों ने भवानीपुर स्थित असली क्लिनिक से संपर्क किया, तो सच्चाई सामने आई कि वह क्लिनिक और डॉक्टर दोनों ही फर्जी हैं। इसके बाद, क्लिनिक प्रबंधन ने भवानीपुर थाने में प्रदीप और उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच की जिम्मेदारी लालबाजार की खुफिया शाखा को दी गई। जैसे ही प्रदीप को पुलिस जांच की भनक लगी, वह उत्तर 24 परगना के बनगांव भाग गया और वहां भी एक नया फर्जी क्लिनिक खोलकर इलाज शुरू कर दिया। लेकिन पुलिस ने उसे बनगांव से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसने कितने मरीजों को ठगा और उसके साथ कौन-कौन लोग शामिल थे।

## आचार्य श्री भिक्षु के सुदी तेरस पर धम्म जागरण

**हावड़ा, समाज्ञा :** आचार्य श्री महाश्रमणजी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमारजी के सान्निध्य में तेरापंथ युवक परिषद् साउथ हावड़ा द्वारा महामना आचार्य श्री भिक्षु के सुदी तेरस के उपलक्ष्य पर भजन संध्या का आयोजन समता भवन, विवेक विहार में हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री जिनेश कुमार ने भिक्षु धम्म जागरणा में श्रावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आचार्य भिक्षु दिव्या दृष्टि संपन्न महापुरुष व महामानव थे। वे मरुधर के धोरी, अलबेले योगी थे। आचार निष्ठा उनके विचारों में उदारता थी उनका चिंतन हमेशा सकारात्मक रहा। उनकी वाणी अंधरूपियों पर कबीर के विचारों की तरह चोट करने वाली थी। उनका सुमिरन सबके लिए कल्याणकारी होता है वे जन-जन के प्रिय थे। मुनिश्री ने आगे कहा कि वे सागर की तरह गंभीर और मेरु की तरह अविचल थे। आज युवक परिषद के तत्वाधान में भिक्षु धम्म जागरणा का भव्य कार्यक्रम




आयोजित हुआ सभी युवकों के प्रति आध्यात्मिक मंगल कामना। बाल मुनि कुणाल कुमार जी ने सुमधुर गीतिका का संगान किया। धम्म जागरण कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ परिषद के युवा साथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभा, महिला मंडल, टी पी फ, किशोर मंडल, कन्या मंडल, तेरापंथ मंडल, अर्हम मंडल ने आचार्य भिक्षु के प्रति अपनी अभिव्यक्ति सुमधुर भजनों के माध्यम से दी। इस अवसर पर स्थानक वासी जैन सभा से महावीर धारीवाल ने अपने भाव प्रस्तुत किए। उपस्थित श्रावक समाज ने भी गीतिका का संगान किया। मुनि श्री ने गीतिका के संगान को सराहा एवं महामना भिक्षु के प्रति अतुट श्रद्धा रखने की प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम में परिषद के युवा साथी, किशोर मंडल सदस्य सहित श्रावक समाज की अच्छी उपस्थिति रही। स्वागत वक्तव्य ते.यु.प. साउथ हावड़ा के अध्यक्ष आदेश चौरड़िया ने दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अमित बेगवानी ने किया एवं आभार राहुल दुगड़ ने किया।

## दीघा के जगन्नाथ मंदिर का प्रसाद पहुंचा उत्तर 24 परगना

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व घोषित योजना के अनुसार, 9 जून को दीघा स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ को अर्पित महाप्रसाद अब जिलों तक पहुंचने लगा है। गुरुवार को यह उत्तर 24 परगना जिले में पहुंच गया। प्रशासन की ओर से इसे पहले ही अनुमंडल स्तर पर वितरित किया जा चुका है और अब यह वितरण ब्लॉक और नगरपालिका स्तरों पर भी शुरू हो चुका है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि आने वाले 15 दिनों में यह प्रसाद घर-घर 'द्वारे राशन' पद्धति के माध्यम से पहुंच जाएगा। उत्तर 24 परगना जिला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, ब्लॉक और नगरपालिका क्षेत्रों की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रसाद और जगन्नाथ मंदिर की तस्वीरें पैक कर रही हैं। इसके बाद, राशन डीलरों की मदद से यह प्रसाद लोगों के घर तक पहुंचाया जाएगा। इस वितरण प्रक्रिया में सरकारी अधिकारी, नगरपालिका और ब्लॉक प्रशासन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। राशन डीलरों ने पहले ही यह स्पष्ट किया है कि वे इस कार्य के लिए कोई पारिश्रमिक नहीं लेंगे। अनुमान है कि जिले में लगभग दस लाख लोग इस महाप्रसाद का लाभ उठाएंगे। बैरकपुर, के एसडीओ सौरव बारिक और बारासात की एसडीओ सोमा दास ने जानकारी दी कि महाप्रसाद को ब्लॉक और नगरपालिका स्तर पर बांट दिया गया है और अब यह राशन प्रणाली के माध्यम से निर्धारित समय पर घर-घर पहुंचेगा।

## हावड़ा ग्रामीण में सिविक वॉलंटियर को बांधकर उठक-बैठक, गाली-गलौज और थप्पड़ का वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

**हावड़ा :** हावड़ा ग्रामीण जिले के उदयनारायणपुर थाना अंतर्गत पेंड़ो इलाके में एक सिविक वॉलंटियर को रस्सी से कमर और पैर बांधकर जबरन उठक-बैठक कराए जाने, गाली-गलौज और थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह कृत्य कुछ स्थानीय लोगों ने किया। पीड़ित सिविक वॉलंटियर का नाम श्रीधर चक्रवर्ती है, जो पेंड़ो थाने में तैनात हैं। यह पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिससे पूरे उदयनारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

हालांकि श्रीधर चक्रवर्ती पर भी कई आपराधिक आरोप लगे हैं, जिनमें साइकिल चोरी और लोगों को बेवजह गाली देने की शिकायतें शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अब तक दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। साथ ही सिविक वॉलंटियर के खिलाफ भी विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

वीडियो में सुना जा सकता है कि आरोपी व्यक्ति श्रीधर से पूछ रहे हैं कि उसने दीदी और पार्टी के खिलाफ गाली क्यों दी। जवाब में श्रीधर स्वीकार करता है कि उससे गलती हुई और यह भी कहता है कि भाजपा नेता 'लालुदा' के कहने पर उसने ऐसा किया। उसने वादा किया कि वह दोबारा ऐसा नहीं करेगा। अंत में उसे 'माँ माटी मानुष' के सम्मान में ज़मीन पर नाक रगड़ते हुए माफ़ी माँगने के लिए मजबूर किया गया।

घटना ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। भाजपा का कहना है कि आरोपियों का संबंध तृणमूल से है और वे भाजपा मंडल अध्यक्ष को फंसाने की साजिश कर रहे हैं। भाजपा नेता रमेश साधुखां ने कहा कि तृणमूल के कार्यकर्ता खुलेआम सिविक वॉलंटियर को प्रताड़ित कर रहे हैं, ताकि भाजपा नेता को बदनाम किया जा सके। उन्होंने इसे प्रशासनिक तंत्र की असफलता और लोकतंत्र का अपमान बताया। इधर तृणमूल नेता एवं उदयनारायणपुर पंचायत समिति के अध्यक्ष कल्याण गायेन ने भी घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि चाहे वह पार्टी का हो या बाहर का, सिविक वॉलंटियर के साथ जो कुछ हुआ वह गलत है और कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि श्रीधर चक्रवर्ती के खिलाफ पहले से कई शिकायतें दर्ज थीं और पुलिस यदि समय पर कार्रवाई करती तो शायद यह घटना टल जाती। हावड़ा ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुबिमल पाल ने कहा कि वायरल वीडियो के आधार पर दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और सिविक वॉलंटियर के खिलाफ भी विभागीय जांच शुरू की गई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से मुलाकात की



**अहमदाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एअर इंडिया विमान हादसे में मारे गये गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के परिजनों से शुक्रवार को यहां मुलाकात की और उन्हें (रूपाणी को) एक विनम्र और मेहनती नेता के रूप में याद किया। अड़सठ-वर्षीय रूपाणी एअर इंडिया की लंदन जा रही उड़ान के उन 241 यात्रियों में शामिल थे, जिनकी बृहस्पतिवार अपराह्न भीषण दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मोदी ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना स्थल का दौरा किया तथा यहां सिविल अस्पताल में घायलों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने शहर में रूपाणी के परिजनों से भी मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''विजयभाई रूपाणी जी के परिवार से मुलाकात की। यह अकल्पनीय है कि विजयभाई हमारे बीच नहीं हैं। मैं उन्हें दशकों से जानता था। हमने कंधे से कंधा मिलाकर काम किया, जिसमें सबसे चुनौतीपूर्ण समय भी शामिल है।'' उन्होंने लिखा, ''विजयभाई विनम्र और मेहनती थे, पार्टी की विचारधारा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध थे। जमीनी स्तर के कार्यकर्ता से सार्वजनिक जीवन में अपना करियर शुरू करते हुए वह संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री बने और पूरी लगन से काम किया।'' मोदी ने कहा, ''उन्हें जो भी भूमिका सौंपी गई, उसमें उत्कृष्ट कार्य किया। चाहे वह राजकोट नगर निगम में हों, राज्यसभा सदस्य के रूप में हो, भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष के रूप में हो अथवा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में हो।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब भी मैंने और विजयभाई ने बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने कई ऐसे कदम उठाए, जिससे गुजरात के विकास की गति बढ़ी, खासकर जीवन को आसान बनाने में। हमारे बीच हुई बातचीत हमेशा याद रहेगी। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दोस्तों के साथ हैं। ओम शांति।''

## रूपाणी का भाग्यशाली अंक 1206 बन गया उनकी अंतिम यात्रा की तारीख




पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी 1206 को अपना भाग्यशाली अंक मानते थे और उन्होंने वर्षों से अपने सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर यही रखा था। यह अंक अब भारत के इतिहास की सबसे भयावह विमान दुर्घटनाओं में से एक का पर्याय बन गया है, जिसमें बृहस्पतिवार को रूपाणी और 264 अन्य लोगों की जान चली गई। पूर्व मुख्यमंत्री 1206 को अपना भाग्यशाली अंक मानते थे, लेकिन अब 12 जून (12/06) की तारीख उनकी अंतिम यात्रा की तारीख बन गई। रूपाणी के गृहनगर राजकोट के लोग उनकी कार के नंबर 1206 से पहचान लेते थे। राजकोट के स्थानीय लोगों और पत्रकारों के अनुसार, रूपाणी के स्कूटर और कारों पर एक ही नंबर था। रूपाणी लंदन में अपनी बेटी के घर जा रहे थे जहां उनकी पत्नी अंजलिबेन पहले से हैं। वह भी भाजपा की सक्रिय सदस्य हैं। अंजलिबेन शुक्रवार की सुबह गांधीनगर पहुंचीं। गुजरात प्रदेश भाजपा प्रमुख और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बृहस्पतिवार को विमान दुर्घटना में रूपाणी की मौत की पुष्टि की। 68 वर्षीय नेता अपने शांत स्वभाव और दृढ़ प्रशासनिक शैली के लिए जाने जाते थे।


## जाम बना जीवनरक्षक: उड़ान छूटी, मौत टली!



**भरूच :** जब भूमि चौहान एअर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन उड़ान सिर्फ 10 मिनट की देरी से चूक गईं, तो वह बेहद निराश थीं, लेकिन उन्हें नहीं पता था कि यह छोटी सी देरी उनकी ज़िंदगी का सबसे बड़ा चमत्कार साबित होगी। कुछ ही देर बाद जब उन्होंने उड़ान से जुड़ी भयावह खबर सुनी, तो उन्हें एहसास हुआ कि अहमदाबाद का यातायात जाम दरअसल उनकी किस्मत का रक्षक बन गया। अपने गृह नगर भरूच से 200 किलोमीटर दूर यात्रा कर रही चौहान ने कहा कि विमान के लिए चेक-इन गेट दोपहर 12:10 बजे बंद हो गए, जबकि वह 10 मिनट की देरी से पहुंची। हवाई अड्डा पहुंचने से पहले उन्हें भीषण जाम का सामना करना पड़ा था और उन्हें इसके लिए अहमदाबाद शहर की भीड़भाड़ वाली सड़कों से होकर गुजरना पड़ा। चौहान ने कहा, ''हम भरूच से अहमदाबाद के लिए जल्दी निकले थे, लेकिन हम दोपहर 12:20 बजे पहुंच सके। एयरलाइन स्टाफ ने दोपहर 12:10 बजे 'चेक-इन' बंद कर दिया। मैंने उनसे विमान में चढ़ने देने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।'' उन्होंने कहा, ''उस समय मैं निराश थी और लंदन की अपनी उड़ान छूट जाने के कारण स्तब्ध थी। हालांकि, बाद में जो कुछ भी हुआ, उससे मुझे अहसास हुआ कि देवी ने चमत्कार करके मेरी मदद की थी, ताकि मैं देर से पहुंचूं। यह ईश्वरीय कृपा थी कि मेरे बहुत अनुरोध के बावजूद मुझे विमान में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई।''

## पति का जन्मदिन मनाने लंदन जाने की तारीख बदलना पत्नी को पड़ा भारी, विमान हादसे में गंवाई जान


**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** अहमदाबाद में भीषण विमान हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों में इंदौर के एक परिवार की बहू और आईटी पेशेवर हरप्रीत कौर होरा (28) शामिल थीं। हरप्रीत के एक रिश्तेदार ने बताया कि पहले वह 19 जून को लंदन जाने के बारे में सोच रही थीं लेकिन पति का जन्मदिन साथ मनाने की हसरत की वजह से उन्होंने तारीख बदल दी। हरप्रीत के चाचा ससुर राजेंद्र सिंह होरा ने शुक्रवार को इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि



उड़ान संख्या 'एआई171' वाले इस विमान में उनकी बहू (हरप्रीत) भी सवार थीं और भीषण हादसे में उनकी मौत के कारण पूरा परिवार शोक में डूब गया है। उन्होंने बताया, ''हरप्रीत अपने पति रॉबी होरा से मिलने लंदन जा रही थी। रॉबी लंदन में एक आईटी कंपनी में काम करता है। हरप्रीत खुद भी आईटी पेशेवर थीं और बेंगलुरु में काम करती थीं।'' होरा ने बताया कि पहले हरप्रीत 19 जून को लंदन जाने वाली थी लेकिन 16 जून को पति रॉबी के जन्मदिन के मद्देनजर उन्होंने भारत से रवाना होने की तारीख में बदलाव करते हुए 12 जून (बृहस्पतिवार) का टिकट बुक कराया ताकि वह अपने पति के साथ जन्मदिन मना सकें।

## विमान दुर्घटना में 'फ्लाइट अटेंडेंट' की मौत, शादी की तैयारियों का उत्साह मातम में बदला

**ठाणे :** 'फ्लाइट अटेंडेंट' रोशनी सोंघारे के जीवन में आगामी दिनों में एक नया अध्याय जुड़ने वाला था, क्योंकि वह अगले साल मर्चेंट नेवी में एक अधिकारी के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली थीं और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक इसकी तैयारियां शुरू कर दी थीं। लेकिन बृहस्पतिवार दोपहर को अहमदाबाद से लंदन जा रहे वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर आने के बाद सारी खुशी मातम में बदल गई। छब्बीस वर्षीय रोशनी उस विमान में सवार चालक दल के सदस्यों में से एक थीं। इस घटना ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिवली कस्बे के राजाजी पथ पर रहने वाले सोंघारे परिवार को तोड़कर रख दिया है। रोशनी अपनी ड्यूटी के लिए तीन दिन पहले घर से निकली थीं, लेकिन विमान दुर्घटना के चलते सब खत्म



हो गया और उनके परिवार के सदस्यों – 50 वर्षीय पिता राजेंद्र, मां शोभा और छोटे भाई विग्नेश को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया। एक करीबी रिश्तेदार ने कंपकंपाती आवाज में पत्रकारों को बताया, वह इस घर की धड़कन थी। हम नवंबर में उसकी सगाई और मार्च में शादी करने वाले थे। उन्होंने कहा, उसके साथ बहुत बुरा हुआ। मूल रूप से रत्नागिरि जिले के मंदनगढ़ में रहने वाला सोंघारे परिवार काम के सिलसिले में मुंबई आया था और दो साल पहले डोंबिवली में रहने लगा था। रोशनी के परिवार के सदस्यों ने बताया कि वह एक होनहार और दृढ़ निश्चयी लड़की थी, उसके पिता ने अपने दोनों बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक परिश्रम किया, और रोशनी ने 'फ्लाइट अटेंडेंट' का कोर्स किया। उन्होंने बताया कि रोशनी ने स्पाइसजेट से अपना करियर शुरू किया और बाद में एअर इंडिया में काम करने लगीं। शोकाकुल परिवार से मिलने डोंबिवली पहुंचे रोशनी के चाचा प्रवीण सुखदेरे ने कहा, हम सभी उसकी शादी का इंतजार कर रहे थे। सब कुछ ठीक था। विमान दुर्घटना की खबर फैलने के बाद परिवार के सदस्यों ने तुरंत रोशनी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन जब कोई जवाब नहीं मिला, तो वे घबरा गए। पिता और भाई रोशनी के जिंदा बचे होने की उम्मीद लिए तुरंत अहमदाबाद पहुंचे।

### शादी के दो दिन बाद 26 वर्षीय युवक की मौत

**वडोदरा :** भाविक माहेश्वरी (26) ने दो दिन पहले गुजरात के वडोदरा में साधारण 'कोर्ट मैरिज' की थी, क्योंकि उन्हें लंदन लौटना था, जहां वह नौकरी करते थे। भाविक के माता-पिता ने योजना बनाई थी कि जब उनका बेटा अगली बार भारत आएगा, तो वे उसकी शादी की खुशी में एक भव्य पार्टी देंगे। हालांकि, उनकी यह ख्वाहिश अब कभी पूरी नहीं हो पाएगी। भाविक के पिता अर्जुन माहेश्वरी ने यहां संवाददाताओं को बताया कि जब उनका बेटा दो हफ्ते पहले छुट्टियां मनाने के लिए वडोदरा आया, तब परिवार ने उसकी शादी कराने का फैसला किया। माहेश्वरी ने कहा, भाविक के वडोदरा आने पर हमने उसकी शादी तय कर दी। उन्होंने बताया कि दोनों की बृहस्पतिवार को दोपहर एक बजे के आसपास आखिरी बार बातचीत हुई थी।

## परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी मणिपुर की एअर इंडिया चालक दल की सदस्य लामनुनथेम सिंगसन



**इंफाल/कांगपोकपी :** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए मणिपुर के दो चालक दल के सदस्यों में से एक लामनुनथेम सिंगसन (26) अपने परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थीं। उनके परिवार को पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा का दंश झेलना पड़ा था। सिंगसन के एक रिश्तेदार ने शुक्रवार को बताया कि उसने आखिरी बार अपनी विधवा मां से 11 जून को फोन पर बात की थी। उन्होंने बताया कि सिंगसन ने अपनी मां से कहा था कि उसे बृहस्पतिवार को लंदन के लिए उड़ान भरनी है और इसीलिए रात को जल्दी सोना चाहती है। रिश्ते में सिंगसन के भाई लुन किपगेन ने कहा कि चार भाई-बहनों में तीसरी संतान, सिंगसन परिवार की एकमात्र बेटी थी और उनकी विधवा मां ने उन सभी को पालने के लिए बहुत संघर्ष किया था। किपगेन ने 'पीटीआई-भाषा को बताया, 26 वर्षीय सिंगसन परिवार की एकमात्र कमाने वाली सदस्य थी। उसका सबसे बड़ा भाई बेरोजगार है और एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है, जबकि दो अन्य भाई पढ़ाई कर रहे हैं।

## एअर इंडिया विमान हादसे ने नव विवाहिता के सपनों को भी चकनाचूर किया



**अहमदबाद :** अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को हुए विमान हादसे में कई लोगों के सपने चकनाचूर हो गए है और ऐसे ही लोगों में अंकिता पटेल भी थीं जो अपने पति के साथ नयी जिंदगी शुरू करने के सुहाने सपने के साथ ब्रिटेन के लिए रवाना हुईं थीं। अंकिता की पिछले साल दिसंबर में शादी हुई थी और वह करीब 12 दिन ही पति के साथ रही। परिवार ने बताया कि अंकिता पिछले छह महीनों से वीजा प्रक्रिया पूरी करने में व्यस्त थीं। उनके पति वसंत (30) ब्रिटेन में किराना स्टोर चलाते हैं। गुजरात के मेहसाणा में रहने वाले परिवार ने बताया कि दंपति बहुत उत्साहित था। उन्होंने बताया कि अंकिता के माता-पिता, उसके भाई और वसंत की बहनें उसे विदा करने के लिए हवाई अड्डे आए थे। अंकिता का शव लेने के लिए बीजे मेडिकल कॉलेज में इंतजात कर रहीं ननद आशाबेन पटेल ने कहा, '' उसके विमान में वार होने के बाद हम मेहसाणा के लिए रवाना हो गए थे।'' एक अन्य रिश्तेदार गायत्री पटेल ने कहा, ''हमने अभी आधी दूरी भी तय नहीं की थी कि हमें विमान के बारे में पता चला और हम वापस आए।'' उन्होंने बताया कि अंकिता और वसंत की शादी पिछले साल 14 दिसंबर को हुई थी। शादी के बाद वसंत अंकिता को जल्द पास बुलाने का वादा कर ब्रिटेन चला गया था। परिवार ने बताया कि वसंत अब गैटविक हवाई अड्डे पर अंकिता से मुलाकात करने के बजाय उसका पार्थिव शरीर लेने भारत लौट आया है। परिवार अंकिता के डीएनए का उसके भाई के डीएनए से मिलान होने का इंतजार कर रहा है।

## परिवार की चाय की दुकान के पास सो रहा किशोर भी मृतकों में शामिल

**अहमदाबाद :** आकाश पाटनी (14) अहमदाबाद के मेघाणी नगर क्षेत्र में बी जे मेडिकल कॉलेज छात्रावास भवन के पास बृहस्पतिवार को उस समय अपने परिवार की चाय की दुकान के पास एक पेड़ के नीचे सो रहा था जब वहां हुए विमान हादसे ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। लंदन जा रहा बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) बृहस्पतिवार दोपहर 230 यात्रियों और चालक दल के 12 सदस्यों को लेकर अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज के परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों की मौत हो गई और जमीन पर जान गंवाने लोगों में आकाश भी शामिल है। आकाश की रिश्तेदार चंदाबेन ने कहा, ''आकाश चाय की दुकान के पास एक पेड़ के नीचे सो रहा था, जो उस छात्रावास की इमारत से सटा हुआ है जिसमें विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उस समय उसकी मां सीताबेन चाय बना रही थी। पहले धातु का एक बड़ा टुकड़ा आकाश के सिर पर गिरा और फिर वह आग की लपटों की चपेट में आ गया।'' चंदाबेन अन्य रिश्तेदारों के साथ सिविल अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर खड़ी थीं। उन्होंने कहा, ''आकाश को बचाने के प्रयास के दौरान सीताबेन गंभीर रूप से झुलस गईं। वह अब अस्पताल में भर्ती हैं। आकाश का शव इतनी बुरी तरह झुलस गया कि उसे पहचानना भी मुश्किल है और उसके पिता ने डीएनए परीक्षण के लिए नमूने दिए हैं।''

## सब जल गया लेकिन भगवद् गीता को आंच तक नहीं आई...



**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में हाल ही में हुआ एक भयावह विमान हादसा पूरे देश को झकझोर कर रख देने वाला रहा। एयर इंडिया की एक यात्री फ्लाइट दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह हादसा इतना भयानक था कि कुछ शवों की पहचान तक कर पाना नामुमकिन हो गया। घटनास्थल पर हर तरफ सिर्फ आग, धुआं और बिखरा मलबा नजर आ रहा था। इस विमान हादसे के बाद राहत और बचाव कार्यों में जुटी टीम ने जब मलबा हटाना शुरू किया तो एक ऐसा दृश्य सामने आया जिसने सभी को चौंका दिया। मलबे के बीच राख में दबी हुई एक भगवत गीता की किताब एकदम सुरक्षित अवस्था में मिली। यह धार्मिक ग्रंथ पूरी तरह से सुरक्षित थी, जबकि उसके आसपास की हर चीज जलकर खाक हो चुकी थी। न तो पन्नों पर जलने का कोई निशान था और न ही इस धार्मिक ग्रंथ के कवर को कोई नुकसान हुआ था।

## ड्रीमलाइनर 787: पहली बार इस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से गई यात्रियों की जान




**नयी दिल्ली :** लंबी दूरी की उड़ानों के लिए उपयोगी माने जाने वाले बोइंग के ड्रीमलाइनर विमानों ने 14 वर्ष पहले उड़ान भरी थी और फिलहाल 1,100 से अधिक ऐसे विमानों का संचालन किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार 241 लोगों की जान चली गई। यह पहली बार है कि सबसे अधिक बिकने वाले बड़े आकार के ड्रीमलाइनर (बोइंग 787) के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोगों की जान गई और खुद विमान का ढांचा भी नष्ट हो गया। विमानों का विश्लेषण करने वाली कंपनी सिरियम के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुआ बोइंग 787-8 विमान - वीटी-एएनबी - 11.5 वर्ष पुराना था और 41,000 घंटों से अधिक उड़ान भर चुका था। कंपनी ने कहा कि दुनिया भर में बोइंग 787 के 1,148 विमान सेवा में हैं, जिनकी औसत आयु 7.5 वर्ष है। - भारतीय विमानन कंपनियां और 787- फिलहाल एअर इंडिया और इंडिगो दो भारतीय एयरलाइंस हैं जो बी787 विमानों का संचालन कर रही हैं। एअर इंडिया के बेड़े में 34 बी787 में से 27 बी787-8 पुराने विमान हैं। जुलाई में पुराने बी787-8 में से पहले विमान को 'रेट्रोफिट' के लिए भेजा जाएगा। पिछले साल विस्तारा के साथ विलय के बाद शेष सात बी 787-9 विमान एयर इंडिया के बेड़े में शामिल हुए। एक अधिकारी के अनुसार, अहमदाबाद दुर्घटना विश्व स्तर पर पहली दुर्घटना है, जिसमें किसी बी787 विमान का ढांचा क्षतिग्रस्त हुआ है। सिरियम ने बृहस्पतिवार को कहा कि विमान ने 14 दिसंबर 2013 को अपनी पहली उड़ान भरी थी। विमान 28 जनवरी 2014 को एयर इंडिया को सौंपा गया था और यह 11.5 वर्ष पुराना था। सिरियम ने कहा, विमान में 18 बिजनेस क्लास सीट और 238 इकॉनोमी क्लास सीट थीं। यह 41,000 घंटों से अधिक समय उड़ान भर चुका था और लगभग 8,000 बार उड़ान भरी व लैंडिंग की थी। पिछले 12 महीनों में विमान ने 700 बार उड़ान भरी थी। इस विमान के निर्माण वर्ष और आयु के हिसाब से इतनी उड़ान औसत हैं। सीरियम के अनुसार, अपने बेड़े और विदेशी नेटवर्क का विस्तार कर रही एअर इंडिया ने 20 अतिरिक्त बी787 विमानों का ऑर्डर दिया है तथा 24 अतिरिक्त विमानों को बदलने के लिए आशय पत्र भी भेजा है। हाल ही में इंडिगो ने नॉर्वे की एअरलाइन नॉर्स अटलांटिक से लीज पर लिए गए बी787 का परिचालन शुरू किया है। इंडिगो लंबी दूरी के परिचालन के लिए ऐसे कुल छह विमान पट्टे पर लेने वाली है। -विपरीत परिस्थितियां- कुछ वर्ष पहले, अमेरिकी विमानन नियामक संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कुछ मुद्दों के कारण ड्रीमलाइनर विमानों की आपूर्ति रोक दी थी, लेकिन बृहस्पतिवार के हादसे से पहले तक इस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से किसी की जान नहीं गई थी। जहां तक भारत की बात है तो एअर इंडिया को 2013 में ड्रीमलाइनर्स में बैटरी संबंधी समस्या के कारण परेशानी हुई थी। बैटरी की समस्या के कारण तत्कालीन सरकारी स्वामित्व वाली एअर इंडिया को भी अपने ड्रीमलाइनर बेड़े को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा था। उस समय एअरलाइन के पास ऐसे छह विमान थे। इसके अलावा, एअरलाइन को इन मुद्दों के लिए बोइंग से मुआवजा भी मिला था।

**सबसे अधिक बिकने वाला बड़े आकार का विमान**

हाल के वर्षों में कई चुनौतियों का सामना करने वाली बोइंग के अनुसार बी787 अब तक का सबसे ज्यादा बिकने वाला बड़े आकार का यात्री विमान है। ड्रीमलाइनर तीन मॉडल में आते हैं - 787-8, 787-9 और 787-10। इनमें से 787-8 की रेंज 13,530 किलोमीटर तक है। बोइंग की वेबसाइट के अनुसार, विमान की लंबाई 57 मीटर, ऊंचाई 17 मीटर तथा पंखों का फैलाव 60 मीटर है। वेबसाइट के अनुसार, ड्रीमलाइनर बेड़े ने 14 वर्षों से भी कम समय में एक अरब से अधिक यात्रियों को यात्रा कराई है, जो विमानन इतिहास में इस प्रकार के किसी भी अन्य विमान की तुलना में अधिक तेज है। वेबसाइट पर कहा गया है, इसकी हल्की और मजबूत संरचना की वजह से दूसरे विमानों की तुलना में 25 प्रतिशत तक ईंधन की बचत होती है।



प्रशासन ने विमान दुर्घटना पीड़ितों के परिजनों को सहायता प्रदान की

## गोवा ऐप आधारित टैक्सी सेवा दिशानिर्देश में ओला, उबर जैसी कंपनियां शामिल नहीं होंगी : मुख्यमंत्री



**पणजी :** गोवा में ऐप आधारित टैक्सी सेवा के परिचालन के लिए तैयार किये जा रहे मसौदा दिशानिर्देश में ओला और उबर जैसी कंपनियों को शामिल नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों माइकल लोबो और जीत अरोलकर ने टैक्सी संचालकों की मौजूदगी में सावंत से मुलाकात की और 20 मई को जारी 'गोवा ट्रांसपोर्ट एग्रीगेटर्स गाइडलाइन्स 2025' संबंधी चिंताओं पर चर्चा की। मसौदा दिशानिर्देश पर सुझाव देने और आपत्तियां जताने की अंतिम तिथि 30 जून है। सांवत ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा,''टैक्सी संचालकों को किसी प्रकार के भ्रम में रहने की जरूरत नहीं है। उन्हें आशंका है कि दिशा-निर्देशों से ओला और उबर जैसी कंपनियों के लिए दरवाजे खुल जाएंगे, जो गोवा के बाहर परिचालन कर रहे हैं। दिशा-निर्देशों का उद्देश्य ओला और उबर जैसी राष्ट्रीय कैब सेवा मुहैया कराने वाली कंपनियों के लिए द्वार खोलना नहीं है।'' गोवा में मौजूदा समय में दो ऐप आधारित कैब सेवा प्रदाता - गोवा माइल्स और गोवा टैक्सी हैं। अरोलकर ने कहा कि गोवा में टैक्सी संचालक चाहते हैं कि राज्य सरकार दिशानिर्देशों को अंतिम रूप देने से पहले उन्हें विश्वास में ले, क्योंकि उनका मानना है कि राज्य के बाहर की बड़ी कंपनियां यहां ऐप आधारित कैब व्यवसाय शुरू कर सकती हैं।

## उत्तर पश्चिम भारत के अधिकतर हिस्सों में 25 जून तक पहुंच सकता है मानसून: मौसम विभाग



**नयी दिल्ली :** नयी दिल्ली : दक्षिण-पश्चिम मानसून ने इस सप्ताह फिर से गति पकड़ ली और अपने सामान्य समय से काफी पहले 25 जून तक दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकतर भागों में इसके पहुंचने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मानसून 24 मई को केरल पहुंचा, जो 2009 के बाद से इतना पहले पहुंचा है। वर्ष 2009 में यह 23 मई को केरल पहुंचा था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में निम्न-दबाव वाले मजबूत तंत्र के कारण मानसून अगले कुछ दिन में तेजी से बढ़ा और 29 मई तक मुंबई सहित मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों और पूरे पूर्वोत्तर तक पहुंच गया। यह हालांकि 28-29 मई से 10-11 जून तक रुका रहा और अब फिर से सक्रिय हुआ है। जून की शुरुआत से बारिश की कमी के कारण तापमान में तेज वृद्धि हुई, जिससे 8-9 जून से उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो गई। आईएमडी के विस्तारित अवधि पूर्वानुमान के अनुसार, अब मानसून 18 जून तक मध्य और पूर्वी भारत के शेष हिस्सों तथा उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ इलाकों तक पहुंच जाएगा। इसके 19 जून से 25 जून के बीच उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों में आगे बढ़ने की उम्मीद है। आईएमडी के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के 27 जून की सामान्य शुरुआत की तारीख से पहले 22-23 जून तक दिल्ली पहुंचने की संभावना है। जबकि इसके पहुंचने की सामान्य तारीख 30 जून है। दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर पर 1 जून तक केरल में प्रवेश करता है, 11 जून तक मुंबई पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश में पहुंच जाता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापसी करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से लौट जाता है। मई में, आईएमडी ने पूर्वानुमान व्यक्त किया था कि भारत में जून-सितंबर मानसून के मौसम के दौरान 87 सेंटीमीटर की दीर्घ अवधि औसत वर्षा का 106 प्रतिशत प्राप्त होने की संभावना है। इस 50 वर्षीय औसत के 96 और 104 प्रतिशत के बीच बारिश को 'सामान्य' माना जाता है। लद्दाख, हिमाचल प्रदेश के आस-पास के इलाकों, पूर्वोत्तर और बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है।

## भारतीय खिलाड़ियों ने विमान दुर्घटना के पीड़ितों के प्रति शोक व्यक्त किया



**बेकेनहैम (इंग्लैंड) :** भारतीय खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने शुक्रवार को यहां 'इंट्रा-स्क्वाड (भारत और भारत ए के खिलाड़ियों की टीमें)' मैच की शुरुआत से पहले अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों की याद में एक मिनट का मौन रखा और बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरे। बृहस्पतिवार दोपहर 242 लोगों को ले जा रहा बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (एआई 171) विमान अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें एक विमान सवार को छोड़कर सभी की मौत हो गयी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, 'बेकेनहैम में इंट्रा-स्क्वाड मैच में शामिल खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान में उतरे हैं।' बयान में कहा गया, 'अहमदाबाद विमान दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन भी रखा गया।' इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन खेल शुरू होने से पहले लॉर्ड्स में भी एक मिनट का मौन रखा गया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में क्रिकेट जगत ने अहमदाबाद त्रासदी में मारे गए लोगों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा है।' इस दौरान ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांध कर मैदान पर उतरे। इससे पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और अनुभवी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा सहित इंग्लैंड दौरे पर गये सदस्यों ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में दुर्घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी।

## विश्व टीम शतरंज: भारत के तायडे ने चमक बिखेरी, टीम 'एमजीडी1' दूसरे दिन संयुक्त बढ़त पर

**लंदन :** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैम्पियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनसे करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के टूर्नामेंट में दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है। यह टीम अभी छठे पायदान पर है। पांचवे चरण में आनंद की अगुआई वाली फ्रीडम के साथ ड्रॉ के बाद अर्जुन एरिगैसी की अगुआई वाली टीम एमजीडी1 ने छठे चरण में शीर्ष वरीयता प्राप्त डब्ल्यूआर शतरंज को 4-2 से हराया। सातवें राउंड में एमजीडी1 ने जर्मनी और फ्रेंड्स पर 3.5-2.5 की मामूली जीत दर्ज की। दिन के आठवें और अंतिम चरण में 'हेक्सामाइंड' ने 'एमजीडी1' को 4-2 से करारी शिकस्त दी। टीम इस जीत से तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गयी।

# सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता



**म्यूनिख :** उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रीय चैंपियन 19 साल की सुरुचि इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीतने के बाद लीमा विश्व कप में भी शीर्ष पायदान हासिल करने में सफल रही थी। सुरुचि ने आठ खिलाड़ियों के फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। फ्रांस की कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) ने रजत जबकिचीन कीकियानक्सुन याओ (221.7) ने कांस्य पदक हासिल किया। दिसंबर 2024 में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप से शुरू हुए अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए, हरियाणा की इस निशानेबाज़ ने क्वालिफिकेशन में 588 अंक हासिल किए और मनु भाकर द्वारा बनाए गए राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। याओ ने 589 अंकों के साथ जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाते हुए 110 खिलाड़ियों की स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। भाकर 574 अंकों के साथ 21वें स्थान पर रहीं, जबकि पलक 570 अंकों के साथ 30वें स्थान पर रहीं। सुरुचि ने फाइनल में 52.1 अंक लेकर शानदार शुरुआत की लेकिन पांच निशाने की दूसरी सीरीज के बाद वह दूसरे स्थान पर खिसक गयी। वह 11वें निशाने में 9.7 के स्कोर के बाद चौथे स्थान पर आ गईं लेकिन इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा उठाने में सफल रही। हरियाणा की इस निशानेबाज ने 12वीं शॉट में शानदार 10.8 स्कोर करफिर से बढ़त हासिल की अंतिम दो निशाने में प्रवेश करते समय वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। सुरुचि ने 23वें निशाने में 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय निशानेबाज़ 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी निशाने में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और स्वर्ण पदक जीत लिया। इस जीत के बाद सुरुचि ने कहा, 'यह मेरे द्वारा खेले गए सभी फाइनल्स (तीन विश्व कपों में) में सबसे करीबी था और मुझे लगता है कि मैं थोड़ा भाग्यशाली भी थी।' इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में यह भारत का पहला स्वर्ण पदक है, इससे पहले इस सप्ताह के शुरू में अंजुम मौदगिल और सिफ्त कौर समरा ने कांस्य पदक जीता था।

## मार्करम-बावुमा की 140+ रन की साझेदारी से द. अफ्रीका मजबूत, इतिहास रचने के लिए 69 रन की जरूरत



**लंदन :** एडेन मार्करम के शतक और टेम्बा बावुमा के अर्धशतक के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे दिन दो विकेट खोकर 213 रन बना लिए हैं। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 282 रनों का लक्ष्य दिया है। फिलहाल मार्करम 102 और बावुमा 65 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। अब टीम को जीत के लिए सिर्फ 69 रनों की जरूरत है।तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी की शुरुआत 145/8 के स्कोर से की थी। उस वक्त उनकी कुल बढ़त 219 रन थी। मिचेल स्टार्क की नाबाद अर्धशतकीय पारी और एलेक्स कैरी के 43 रनों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट खोकर 207 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 281 रन की बढ़त हासिल करते हुए उन्हें 282 रन का लक्ष्य थमाया।जवाब में दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत झटके के साथ हुई। रेयान रिकेल्टन सिर्फ छह रन बना पाए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपना शिकार बनाया। वहीं, वियान मुल्डर सिर्फ 27 रन बना पाए। उन्हें भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा। 70 के स्कोर पर दो विकेट खो चुकी प्रोटियाज टीम को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी। एडेन मार्करम ने टेम्बा बावुमा के साथ 143* रन की निभाई और स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया।

## अवनि दूसरे स्थान पर, भारत की अन्य खिलाड़ियों की खराब शुरुआत

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर अवनि प्रशांत ने चार अंडर 68 के स्कोर के साथ सत्र की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की, जिससे वह हुलेनकोर्ट महिला ओपन के पहले दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गयीं। अवनि ने दोपहर के समय अंतिम ग्रुप में खेलते हुए तीन बोगी के मुकाबले सात बर्डी लगाईं। ऑस्ट्रेलिया की केल्सी बेनेट पहले दिन 67 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। अवनि और जर्मनी की हेलेन ब्रीम उनसे एक शॉट पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। अवनि लेडीज यूरोपियन टूर की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सात भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। अनुभवी दीक्षा डागर ने प्रतियोगिता के पहले दौर में पार 72 से शुरुआत की और वह 22वें स्थान पर हैं। अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह ने दो ओवर 74 का कार्ड खेला और वे संयुक्त 58वें स्थान पर हैं। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर ने 76 का स्कोर बनाया जिससे वे संयुक्त 89वें स्थान पर हैं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी हिताशी बक्शी ने 79 का स्कोर बनाया और वह 125वें स्थान पर हैं।

## भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए एक्लेस्टोन की इंग्लैंड टीम में वापसी

**लंदन :** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 श्रृंखला के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'नयी कप्तान नैट सिवर-ब्रंट और कोच चार्लोट एडवर्ड्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज करने वाली टीम में एक्लेस्टोन की वापसी हो रही है।' छब्बीस साल की एक्लेस्टोन ने चोट से उबरने के साथ ही अपने समग्र स्वास्थ्य का प्रबंधन करने के लिए खेल से संक्षिप्त विश्राम लिया था। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टी20 मैच 28 जून को ट्रेंट ब्रिज में खेला जाएगा, जबकि दूसरा मैच एक जुलाई को ब्रिस्टल में होगा। तीसरा टी-20 मैच चार जुलाई को ओवल में खेला जाएगा, जबकि चौथा और पांचवां मैच क्रमशः नौ और 12 जुलाई को ओल्ड ट्रैफर्ड और एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## मां के बीमार होने के कारण भारत लौटे मुख्य कोच गौतम गंभीर



**बेकेनहैम (ब्रिटेन) :** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने परिवार में आपात स्थिति के कारण शुक्रवार को स्वदेश लौट गये। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गंभीर को अपनी मां से मिलने के लिए वापस जाना पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण नयी दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा, 'हां। वह पारिवारिक आपातस्थिति के कारण भारत वापस लौट गए हैं।' गंभीर की अनुपस्थिति में सहायक कोच रेयान टेन डोएशे भारत और भारत ए के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास मैच के दौरान मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्हें गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक जैसे अन्य कोचिंग स्टाफ से सहायता मिलेगी। अगर गंभीर के घर पर सब कुछ ठीक रहा तो उनके एक सप्ताह के भीतर इंग्लैंड लौटने की उम्मीद है।

## भारत जूनियर महिला हॉकी विश्व कप में जर्मनी और आयरलैंड के साथ एक ग्रुप में

**लुसाने (स्विट्जरलैंड) :** भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है। यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता को पिछली बार 2023 में सैंटियागो में ही आयोजित किया गया था जिसमें 16 टीम ने हिस्सा लिया था। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'चिली के सैंटियागो में आज आयोजित ड्रा समारोह के अवसर पर एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के छह पूल निर्धारित किए गए हैं। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।' भारत ने यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट कभी नहीं जीता है। जर्मनी के मोनचेंग्लाडबैक में खेलने गए टूर्नामेंट भारत तीसरे और दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में खेले गए टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहा था। गोलकीपर निधि के नेतृत्व में टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना में संपन्न चार देशों के टूर्नामेंट में चार मैच जीते और दो हारे थे। भारतीय टीम ने उरुग्वे को दो बार हराया तथा चिली और अर्जेंटीना के खिलाफ एक-एक मैच जीता था। जूनियर महिला विश्व कप के लिए विभिन्न वर्ग इस तरह से हैं: पूल ए: नीदरलैंड, जापान, चिली, मलेशिया; पूल बी: अर्जेंटीना, बेल्जियम, जिम्बाब्वे, वेल्स; पूल सी: जर्मनी, भारत, आयरलैंड, नामीबिया; पूल डी: इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, चीन, ऑस्ट्रिया; पूल ई: ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, कनाडा, स्कॉटलैंड; पूल एफ: अमेरिका, कोरिया, न्यूजीलैंड, उरुग्वे।



## एलआईसी ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी




**नयी दिल्ली :** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने एयर इंडिया विमान दुर्घटना पीड़ितों के लिए दावा निपटान प्रक्रिया में ढील दी है और इस प्रक्रिया को तेज भी किया है। निगम ने कहा कि वह विमान दुर्घटना में प्रभावित लोगों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है और पीड़ितों के लिए दावा निपटान में तेजी लाएगा। बीमा कंपनी ने एक बयान में कहा, 'एलआईसी ने पॉलिसियों के दावेदारों की कठिनाइयों को कम करने के लिए कई रियायतों की घोषणा की है। मृत्यु प्रमाण पत्र के बदले, विमान दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु के सरकारी रिकॉर्ड में कोई भी सबूत या केंद्र/राज्य सरकार/एयरलाइन अधिकारियों द्वारा भुगतान किया गया कोई भी मुआवजा मृत्यु के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा।'' एलआईसी ने कहा, ''यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे कि दावेदारों तक पहुंचा जाए और प्रभावित परिवारों के दावों का शीघ्र निपटान किया जाए। आगे की सहायता के लिए, दावेदार एलआईसी की निकटतम शाखा से संपर्क कर सकते हैं।'' बयान में कहा गया कि दावेदार एलआईसी के कॉल सेंटर 022-68276827 पर भी कॉल कर सकते हैं। इस बीच, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने यह भी कहा कि उसने इस त्रासदी के कारण प्रभावित अपने ग्राहकों के लिए मृत्यु और विकलांगता दावों के निपटान को प्राथमिकता देने के लिए एक विशेष दावा निपटान डेस्क बनाई है।

## पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उछाल के बाद तेल विपणन कंपनियों, विमानन, पेंट्स और टायर कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। ये वे क्षेत्र हैं जो कच्चे तेल से जुड़े हैं। बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.90 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 1.78 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई।दिनभर के कारोबार में बीपीसीएल में 6.11 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में 5.34 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 3.91 प्रतिशत तक की गिरावट आई थी। इंटरग्लोब एविएशन के शेयर में 3.71 प्रतिशत और स्पाइसजेट के शेयर में 1.95 प्रतिशत की गिरावट आई। सत्र के दौरान स्पाइसजेट का शेयर 5.64 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 5.62 प्रतिशत तक गिर गया था।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 8.39 प्रतिशत उछलकर 75.20 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के समूह वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जिंस शोध के प्रमुख नवनीत दमानी ने कहा, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है और इसका असर तेल बाजार पर पड़ रहा है। ईरान पर इजराइल के हवाई हमलों ने आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं को जन्म दिया है, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। चिंता यह है कि स्थिति एक बड़े क्षेत्रीय संकट में बदल सकती है, जिसका वैश्विक तेल आपूर्ति पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन व्यास ने कहा, भारत अपनी 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए ईरान और इज़राइल के बीच संघर्ष से ब्रेंट क्रूड की कीमतों में उछाल आ सकता है।

# पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार दूसरे दिन गिरा, सेंसेक्स 573 अंक फिसला



**मुंबई :** कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा। मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही। मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मालकैप सूचकांक में 0.30 प्रतिशत की सुस्ती रही। सबसे ज्यादा 2.06 प्रतिशत की गिरावट सेवा क्षेत्र में देखी गई जबकि बैंक खंड में 1.01 प्रतिशत और एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाइयां) खंड में 0.94 प्रतिशत की गिरावट रही।

## नागपुर में हेलीकॉप्टर कारखाना स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार और मैक्स एयरोस्पेस में समझौता



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को मैक्स एयरोस्पेस एंड एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ नागपुर में हेलीकॉप्टर विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इसमें अगले आठ वर्षों में लगभग 8,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है कि इस परियोजना के तहत लगभग 2,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित होंगी।मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से नागपुर में रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। समझौते के अनुसार, मैक्स एयरोस्पेस नागपुर में एक हेलीकॉप्टर कारखाना स्थापित करेगा और इसका वास्तविक काम 2026 से शुरू होगा।यह समझौता भारत के 'मेक इन इंडिया' (भारत में विनिर्माण करो) और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों में मील का पत्थर साबित होगा। यह महाराष्ट्र में हेलीकॉप्टर के ही अनुकूलन और पूर्ण उत्पादन वाली पहली परियोजना होगी। बयान में कहा गया है कि इस पहल से महाराष्ट्र को एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरने में मदद मिलेगी।

## वैश्विक स्टार्टअप परिवेश में बेंगलुरु 14वें स्थान पर, सात पायदान की छलांग

**बेंगलुरु :** स्टार्टअप परिवेश मुहैया कराने के मामले में बेंगलुरु सात पायदान ऊपर चढ़कर दुनिया भर में 14वें स्थान पर पहुंच गया है जबकि इस सूची में सिलिकॉन वैली शीर्ष पर है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वैश्विक नवाचार परिवेश विकास संगठन 'स्टार्टअप जीनोम' की तरफ से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका का सिलिकॉन वैली इस सूची में पहले स्थान पर है जबकि न्यूयॉर्क सिटी दूसरे, लंदन तीसरे और तेल अवीव चौथे स्थान पर है। 'वैश्विक स्टार्टअप परिवेश रिपोर्ट 2025' के मुताबिक, बेंगलुरु सात पायदान चढ़कर सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गया है। बेंगलुरु की यह जबर्दस्त वृद्धि 2024 में एक अरब डॉलर से अधिक के चार प्रमुख सौदों से प्रेरित है, जिसमें स्विगी 12 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सबसे आगे है। कर्नाटक के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री प्रियांक खरगे ने एक बयान में कहा कि बेंगलुरु की एक 'उभरते सितारे' से एक शीर्ष-स्तरीय 'वैश्विक स्टार्टअप हब' बनने तक की छलांग उसे पेरिस (12वें), फिलाडेल्फिया (13वें) और सिएटल (15वें) जैसे वैश्विक शहरों के साथ खड़ा करती है। खरगे ने कहा कि इस उछाल के पीछे उच्च-मूल्य वाले सौदे, गहन प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) में जारी तेजी, आईटी क्षेत्र की निरंतरता, प्रगतिशील नीति एवं सार्वजनिक निवेश और एक असाधारण तकनीकी प्रतिभा आधार जैसे कारक शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बेंगलुरु अब एआई और बिग डेटा परिवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। स्टार्टअप जीनोम की यह रिपोर्ट 12 जून को पेरिस में यूरोप के सबसे बड़े स्टार्टअप और टेक कार्यक्रम 'विवाटेक' में जारी की गई। इसमें 350 से अधिक शहरों में 50 लाख से अधिक कंपनियों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। कर्नाटक सरकार के स्टार्टअप विजन ग्रुप के प्रमुख प्रशांत प्रकाश ने कहा कि बेंगलुरु का गतिशील स्टार्टअप परिवेश मजबूत सरकारी समर्थन, वैश्विक पूंजी और विनिर्माण जैसे उभरते क्षेत्रों द्वारा समर्थित है।

## न्यूज अपडेट

### डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे लुढ़ककर 86.11 पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 59 पैसे लुढ़ककर 86.11 पर बंद हुआ। ईरान के परमाणु स्थलों पर इजराइल के हमले के बाद पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में उछाल और डॉलर के मजबूत होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 7.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 74.40 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। डॉलर के मुकाबले रुपया 86.25 पर खुला और 85.92 और 86.25 के दायरे में कारोबार करते हुए 86.11 पर बंद हुआ। यह पिछले बंद से 59 पैसे की गिरावट है। बृहस्पतिवार को रुपया 85.52 पर बंद हुआ था।

### एनटीपीसी डिबेंचर जारी कर 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने शुक्रवार को कहा कि उसने गैर परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके 4,000 करोड़ रुपये जुटाने का फैसला किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस राशि का इस्तेमाल पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण, मौजूदा ऋणों के पुनर्वित्त और अन्य सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। एनटीपीसी ने बताया कि उसने 17 जून, 2025 को 6.89 प्रतिशत प्रति वर्ष के ब्याज पर निजी नियोजन के जरिए 4,000 करोड़ रुपये के असुरक्षित गैर परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने का फैसला किया है। इसकी अवधि 10 साल एक दिन होगी और यह 18 जून, 2035 को परिपक्व होगा।

### ओएनजीसी ने शिवसागर के कुएं से गैस रिसाव रोकने के प्रयास तेज किए

**नयी दिल्ली/ शिवसागर :** सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ओएनजीसी ने असम के शिवसागर जिले में स्थित अपने एक कुएं से प्राकृतिक गैस के अनियंत्रित रिसाव को रोकने के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। ऑयल एंड नेचुरल गैस कंपनी (ओएनजीसी) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि आपदा प्रबंधन टीम इस कुएं से रिसाव पर काबू पाने के लिए उपकरण लगा रही है। कंपनी ने कहा, शिवसागर जिले में स्थित रुद्रसागर क्षेत्र में भोटियापार के पास कुआं संख्या 147ए से गैस के लगातार रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। इस कुएं की सर्विसिंग गतिविधियों के दौरान गैस का रिसाव देखा गया था। हालांकि इस दौरान कोई आग या चोट नहीं लगी। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही ओएनजीसी ने तत्काल मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिए। कुएं को तुरंत घेरे में ले लिया गया और संपत्ति प्रबंधक के नेतृत्व में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल बिना किसी देरी के मौके पर पहुंच गया। ओएनजीसी ने पहले कहा था कि उसे स्थिति 'बहुत जल्द' सामान्य हो जाने का भरोसा है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त सप्ताह में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आंकड़ों के मुताबिक, छह जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.67 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर पहुंच गया।

वर्ष 10, पूर्णांक 3266 अंक 076, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in